डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

वर्ष-39 अंक-1 मूल्य रु. 10.00

मध्यप्रदेश वनवासियों को जंगल का मालिक बनाने वाला देश का पहला राज्य - श्री अमित शाह

तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब 250 रुपये प्रति सौ गड्डी के स्थान पर मिलेंगे 300 रुपये – मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश वनवासियों को वन क्षेत्र का मालिक बनाने वाला देश का पहला राज्य है। मध्यप्रदेश ने यह युग परिवर्तनकारी कार्य किया है। गत सितंबर माह में जबलपुर में जनजातीय समाज के विकास के लिए की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं को पूर्ण करने में मध्यप्रदेश सरकार सक्रिय है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इन घोषणाओं को पूरा करते हुए अमल में लाना प्रारंभ कर दिया है। अंग्रेजों के समय से सरकार के पास जंगलों का स्वामित्व था। अब मध्यप्रदेश में कीमती सागवान लकड़ी के साथ ही अन्य वन संपदा की 20 प्रतिशत राशि के मालिक वनवासी होंगे। जनजातीय समुदाय के हक में लागू की गई ये बड़ी पहल है। ये बातें केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने भोपाल स्थित जंबूरी मैदान में वन समितियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान तेंदूपत्ता संग्राहकों को हितलाभ वितरित करते हुये।

प्रदेश में 827 वन ग्राम बनेंगे राजस्व ग्राम

श्री अमित शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश के 925 में से 827 वन ग्राम को राजस्व ग्रामों की तरह सुविधाएं देने की शुरुआत हुई है। यहां परिसीमन हो सकेगा, आवास के लिए ऋण मिल सकेगा और राजस्व के सभी अधिकार वनवासियों को प्राप्त होंगे। प्रदेश में 15 हजार 600 से अधिक ग्राम सभाओं में वन समितियों के माध्यम से प्राथमिकता से कार्य किए जा सकेंगे।

वनवासियों के हित में पेसा एक्ट लागू

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में मुफ्त राशन वितरण का कार्य हुआ है। जनजातीय बहुल विकासखंडों में घरों तक राशन पहुंचाने का कार्य किया गया है। वनवासियों के ही हित में पेसा एक्ट लागू करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सामुदायिक वन प्रबंधन का अधिकार दिया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से विकसित राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने निरंतर कार्य किया है। मध्यप्रदेश अब विकसित राज्यों में शामिल है। यहां सिंचाई की व्यवस्था, पर्याप्त बिजली आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्य शिवराज जी के नेतृत्व में हुए हैं। जनजातीय क्षेत्र के कल्याण के लिए मध्यप्रदेश की पहल पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। श्री शाह ने कहा कि वनवासी क्षेत्र के सभी लोग अधिकार के साथ जियें, यह उनका स्वप्न है, जिसे साकार किया जा रहा है। बांस और अन्य उत्पादन के लिए राशि वितरण के साथ तेंदूपत्ता संग्राहकों को करोड़ों रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी समाज के वंचित और दलित वर्गों की सरकार की पहचान देने में सफल रहे हैं। इस वर्ष के अंत तक सभी को अपना घर देने का भी संकल्प है। श्री शाह ने कहा कि देश में शौचालयों का निर्माण किया गया है। उज्ज्वला के 13 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए हैं। हर घर में नल से जल पहुंचाने की पहल जल जीवन मिशन से हो रही है। वर्ष 2024 तक यह कार्य पूरा होगा। आयुष्मान योजना में 5 लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा दी जा रही है। कोरोना काल में निःशुल्क अनाज देने की सुविधा दी गई। वैक्सीनेशन का लाभ नागरिकों को दिया गया।

श्री शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में 'मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम' योजना में खाद्यान्न वितरण के साथ विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवार की महिलाओं को 1000 रुपये का आहार अनुदान भी दिया जा रहा है। वर्ष 2021-22 में मध्यप्रदेश द्वारा 19.7 प्रतिशत विकास दर हासिल करना बड़ी बात है। मध्यप्रदेश में गत 10 वर्ष में 200 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हुई है, जो अन्य राज्यों में नहीं हुई। प्रदेश में पूंजीगत व्यय 31 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 40 हजार करोड़ तक हो गया है। भारत सरकार ने भी मध्यप्रदेश को 11 हजार करोड़ रुपये प्रदान किये हैं। जनजातीय वर्ग के कल्याण का बजट 4 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 7 हजार 524 करोड़ रुपये हो गया है। भारत सरकार ने जनजातियों के विकास के लिये पूर्व सरकार की 21 हजार करोड़ की राशि को बढ़ाकर 78 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया है। एकलव्य विद्यालयों के लिये 14 हजार 18 करोड़ रुपये की राशि रखी गई है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के 22 लाख हितग्राहियों के खाते में 125 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। यह वनवासी भाई-बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान है। मध्यप्रदेश में तेंदूपत्ता संग्राहकों को 250 रुपये प्रति सौ गड्डी के स्थान पर अब 300 रुपये दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शक्तिशाली, गौरवशाली और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति के साथ ही आतंकवाद और नक्सलवाद के खात्मे के लिए कार्य किया है। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सभी दिशाओं में कार्य हो रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि यह जल, जमीन और जंगल वनवासियों के हैं। वनों से अर्जित आय का हिस्सा प्राप्त कर वनवासी, वनों के विकास में सहयोग करेंगे। वन विभाग सहयोगी की भूमिका में होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैकलॉग के पदों की भर्ती की जा रही है, इसका लाभ जनजाति वर्ग को मिलेगा। इस वर्ग के लोगों को शिक्षण शुल्क सुविधा, उच्च शिक्षा के लिए अनुदान और रोज़गार के साधनों से जोड़ने का कार्य हो रहा है। सिकल सेल एनीमिया पर नियंत्रण के लिए भी कार्य हो रहा है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल भी इस कार्य में मार्गदर्शन दे रहे हैं। वन ग्रामों के राजस्व ग्राम बन जाने से बंटवारा और नामांतरण होने के साथ फसलों की गिरदावरी भी हो सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भू-माफियाओं से 21 हजार एकड़ भूमि मुक्त कराई गई है। इस भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के आवास बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना में 30 लाख आवास निर्मित हुए हैं। इस वर्ष 10 लाख और अगले वर्ष भी 10 लाख आवास निर्मित किए जाएंगे।

खास खबर

आईटीआई के प्रशिक्षक सिंगापुर में लेंगे प्रशिक्षण

भोपाल, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। विभागों की समीक्षा के दौरान श्रीमती सिंधिया ने कहा कि आईटीआई के प्रशिक्षकों को इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन सिंगापुर में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। साथ ही संस्थान के फीडबैक के आधार पर प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षकों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना

तीर्थ-दर्शन योजना आत्मा के आनंद के लिए है - मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रदेशवासी के लिए उत्तम सुख, निरोगी काया के संदेश को चरितार्थ करने के साथ राज्य सरकार मन की शांति, बुद्धि के विकास और आत्मिक आनंद के लिए भी कार्य कर रही है। तीर्थ-दर्शन योजना आत्मा के आनंद के लिए पुनः शुरू की गई है। आत्मा के आनंद के साथ, जीवन को सुखमय बनाने के लिए पौध रोपण, नशा मुक्ति, बेटियों का सम्मान और पानी बचाना जरूरी है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित रानी कमलापति स्टेशन से मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना का शुभारंभ कर तीर्थ-यात्रियों को संबोधित करते हुये कहीं। 'मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन' योजना के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने की। पुनः प्रारंभ हुई मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना की पहली तीर्थ यात्रा वाराणसी के लिए रवाना की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा में वरिष्ठजन की सेवा के लिए राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्हें किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं होने दिया जाएगा। वर्ष 2012 में राज्य सरकार ने तीर्थ-यात्रा कराने के बारे में निर्णय लिया था। श्री चौहान ने कहा कि अब आरंभ हुई तीर्थ-दर्शन योजना रुकेगी नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थ-दर्शन जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अब तीर्थ के लिए एक के बाद एक यात्राओं का क्रम जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'पहला सुख निरोगी काया' माना गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने निःशुल्क टीकाकरण की व्यवस्था की है। साथ ही गरीबों को आवास भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिन लोगों ने अवैध तरीके से जमीनों पर कब्जा किया है, उनसे भूमि मुक्त करा कर, गरीबों को बांटी जा रही है। चिकित्सा सुविधा तथा आवास की व्यवस्था कर, उत्तम सुख निरोगी काया के भाव को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि जीवन में मन की प्रसन्नता आवश्यक है। इसके लिए आनंद उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। बुद्धि के विकास के लिए स्कूल शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा की बेहतर व्यवस्था की जा रही है। इन सबके साथ ही आत्मा का सुख सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

नॉलेज बेस्ड और तर्क के आधार पर पुलिसिंग करनी होगी

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह भोपाल में अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस को संबोधित करते हुये।

भोपाल, अंग्रेजों के जमाने की डंडे वाली पुलिस का युग समाप्त हो गया है। अब नॉलेज बेस्ड, एविडेंस बेस्ड और तर्क के आधार पर पुलिसिंग करनी होगी। पुलिस के विज्ञान को बदलने की आवश्यकता है। शहरों में रहवासी संघों, नगर निगमों, मार्केट एसोसिएशन द्वारा अलग-अलग सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए गए हैं, पर यह पुलिस व्यवस्था से संबद्ध नहीं हैं। इनको समन्वित कर मितव्ययिता के साथ बेहतर निगरानी व्यवस्था स्थापित की जा सकती है। पुलिस की उपस्थिति से कानून व्यवस्था में सुधार आता है। बीट की पेट्रोलिंग महत्वपूर्ण है, यह जनता के बीच सुरक्षा और संतोष का भाव लाती है। ये बातें केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल में 48वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुये कहीं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में दुनिया ने भीषण बीमारी का सामना किया। कोरोना के समय देश में पुलिस के चार लाख अधिकारी-कर्मचारी संक्रमित हुए और 2700 से अधिक पुलिस-कर्मियों की मृत्यु हुई। इस कालखंड में देश की जनता ने पुलिस का मानवीय चेहरा और आपदा के समय पुलिस का व्यवहार देखा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

16 अप्रैल

लद्दाख में तैनात भारतीय सैनिक सीखेंगे चीन की भाषा

● चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में काफी समय से चल रहे तनाव को देखते हुये भारतीय सेना ने लद्दाख मोर्चे में तैनात सैनिकों को चीन की भाषा मंदारिन सिखाने का फैसला किया है। इसके साथ ही सैनिकों को चीन के बारे में रणनीतिक जानकारी भी दी जायेगी। भारतीय सेना ने यह योजना चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के कामकाज करने के तौर-तरीकों को जानने और उसकी रणनीतियों को समझने के लिये बनाई है। भारतीय सेना ने चीन के साथ सामरिक तनाव और सूचना तकनीकी के महत्व को देखते हुये यह कदम उठाया है। इसके अलावा मंदारिन भाषा की पढ़ाई विश्वविद्यालयों में भी कराई जायेगी, ताकि इस भाषा को समझने वाले लोग तैयार किये जा सकें।

● भारत की दिग्गज दवा कंपनी भारत बायोटेक की नाक से दी जाने वाली कोरोना रोधी वैक्सीन (नेजल) का दूसरे चरण का ट्रायल सफल रहा। दूसरे चरण में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 500 से अधिक लोगों पर नेजल वैक्सीन का ट्रायल किया गया। वैक्सीन ट्रायल के प्रिंसीपल इंवेस्टिगेटर और ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के डिप्टी डीन डॉ. ए.के. पांडे ने बताया कि ट्रायल ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, एम्स नई दिल्ली सहित मुंबई, हैदरावाद, बेंगलुरु के नौ संस्थानों में किया गया। उन्होंने बताया कि नेजल वैक्सीन नाक में ही कोरोना वायरस को खत्म कर संक्रमण की चेन को तोड़ देगी और एंटीबॉडी बनायेगी।

17 अप्रैल

रूस से 48 एमआई 17 वी-5 हेलिकॉप्टर खरीदी का सौदा स्थगित

● भारतीय वायु सेना ने रूस से 48 एमआई 17 वी-5 हेलिकॉप्टर खरीदी का सौदा स्थगित कर दिया है। वायु सेना ने यह फैसला केंद्र सरकार के मेक इन इंडिया अभियान को बढ़ावा देने के लिये किया है। भारत ने 10 वर्ष पहले रूस के साथ 80 एमआई 17 वी-5 हेलिकॉप्टर खरीदने का सौदा किया था। इन्हें वायु सेना में चरणबद्ध तरीके से शामिल किया जाना था। समझौते के तहत कुछ हेलिकॉप्टर वायु सेना में शामिल किये जा चुके हैं, शेष बचे 48 हेलिकॉप्टर अभी दिये जाने शेष थे, लेकिन वायु सेना ने इस सौदे को स्थगित कर दिया है। वायु सेना अब देश में बने हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल करेगी। एमआई 17 वी-5 हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल अभी सियाचिन, पूर्वी लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम जैसी ऊंचाई वाले इलाकों में हो रहा है।

● केंद्र सरकार आपात प्रतिक्रिया में सुधार के लिये हेल्पलाइन नंबर 112, 181 और 1098 का एकीकरण करने पर विचार कर रही है। शीर्ष अधिकारी ने बताया कि आपात प्रतिक्रिया में सुधार के लिये हेल्पलाइन नंबरों का एक साझा इंटरफेस बनाने पर विचार किया जा रहा है। इन नंबरों में से किसी पर भी कॉल करने पर साझा इंटरफेस (कम्प्यूटर प्रोग्राम) में शिकायत दर्ज की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम देशभर में एकल नंबर है, जिसमें आपात स्थितियों में फंसे लोगों के लिये हेल्पलाइन नंबर 112 है।

18 अप्रैल

बीएसएफ में इस वर्ष भर्ती हुये 9500 नये जवान

● सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में इस वर्ष 9500 से अधिक नये जवान भर्ती हुये हैं।

बीएसएफ ने बताया कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगी देश की सीमा पर और जवान तैनात करने के लिये युवाओं की भर्ती की गई है। नये भर्ती होने वाले कर्मचारी अधिकतर कॉन्स्टेबल रैंक के हैं। इन्हें धीरे-धीरे सीमा पर स्थित चौकियों और आंतरिक सुरक्षा कर्तव्यों के लिये तैनात किया जा रहा है। बीएसएफ के अनुसार 13 अप्रैल तक की स्थिति में बीएसएफ में शामिल किये गये 9550 नये जवानों में लगभग 1700 महिलाएं हैं। उल्लेखनीय है कि बीएसएफ सरहदी सुरक्षा के अलावा हथियारों, नशीले पदार्थों और नकली मुद्रा की तस्करी जैसे सीमा पार अपराधों और आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने का काम करता है।

● संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने युद्ध ग्रस्त यूक्रेन के नागरिकों को मानवीय आधार पर राहत देने की पहल की है। यूएई यूक्रेन के नागरिकों को अमीरात क्षेत्र में रहने के लिये एक वर्ष का रेजीडेंस वीजा देगा। यूक्रेन के विदेश मामलों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय के अनुसार यूक्रेन के नागरिकों को दुबई स्थित तसजील केंद्रों के माध्यम से एक वर्ष का रेजीडेंस वीजा देने का विकल्प दिया गया है। यूएई सरकार के अनुसार ये वीजा वर्ष 2018 में पारित एक प्रस्ताव के आधार पर दिये जायेंगे, जिसमें कहा गया है कि संकटग्रस्त देश और युद्ध क्षेत्र एक वर्ष के परमिट के अधीन है। जब तक कि वे स्वदेश लौटने के लिये तैयार नहीं हो जाते, तब तक उनके रहने की स्थिति में सुधार के लिये यूएई प्रतिबद्ध हैं।

19 अप्रैल

नासा ने स्पेस कम्युनिकेशन की नई तकनीक होलोपोर्टिंग का किया परीक्षण

● अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने स्पेस कम्युनिकेशन के क्षेत्र में बड़ी कामयाबी



हासिल की है। नासा ने धरती और अंतरिक्ष के बीच सम्पर्क की एक नई तकनीक का परीक्षण किया है। इस तकनीक को होलोपोर्टिंग कहा जा रहा है। यह तकनीक होलोग्राम और टेलिपोर्टेशन का एक मिश्रित रूप है। परीक्षण के दौरान नासा के फ्लाइट सर्जन डॉ. जोसेफ श्मिड होलोग्राम के रूप में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर दिखाई दिये और अंतरिक्ष यात्रियों से बातचीत की। इस तकनीक के बारे में श्मिड ने कहा कि यह बेहद दूरी पर मौजूद लोगों से संपर्क का नया तरीका है। साथ ही यह ह्यूमन एक्सप्लोरेशन का एक नया रूप भी है, जो इंसानों के अस्तित्व को धरती के बाहर पहुंचाता है। नासा ने कहा कि हम इस तकनीक का इस्तेमाल अपनी मेडिकल कॉन्फ्रेंस और खास लोगों को आईएसएस पर ले जाने के लिये करेंगे।

● देश में चल रहे अभूतपूर्व आर्थिक और राजनीतिक संकट के बीच श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने नये मंत्रिमंडल का गठन किया है। नये मंत्रिमंडल में 17 मंत्री शामिल किये गये हैं। श्रीलंका के सत्ताधारी पार्टी के एक सांसद ने बताया कि राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे अपने पद पर बने रहेंगे। मंत्रिमंडल में कुछ नये और युवा चेहरों को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका में आर्थिक संकट के बाद राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को छोड़कर पूरे मंत्रिमंडल ने इस्तीफा दे दिया था। इस बीच श्रीलंका में सरकार विरोधी प्रदर्शन भी तेज हो गये हैं।

20 अप्रैल

वायु सेना ने सुखोई लड़ाकू विमान से किया ब्रह्मोस का सफल परीक्षण

● भारतीय वायु सेना ने अपनी उन्नत तैयारियों का प्रदर्शन करते हुये देश के पूर्वी तट पर

ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई से सफल परीक्षण किया। वायु सेना ने एक ट्वीट कर बताया कि यह परीक्षण भारतीय नौसेना के समन्वय से किया गया है। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने सटीकता के साथ अपने लक्ष्य पर निशाना लगाया। वायु सेना ने बताया कि परीक्षण के दौरान मिसाइल ने लक्ष्य के तहत भारतीय नौसेना के सेवामुक्त हो चुके जहाज पर सटीक प्रहार किया। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में ब्रह्मोस मिसाइल के एयर लॉन्च वैरिएंट को 40 से अधिक सुखोई लड़ाकू विमान में एकीकृत करने का निर्णय लिया था, इस परियोजना का उद्देश्य समुद्र या जमीन पर किसी भी लक्ष्य पर बड़ा स्टैंड ऑफ रेंज से हमला करने की वायु सेना की क्षमता को बढ़ाना है।

● अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक स्कूल पर आतंकी हमला हुआ। एक के बाद एक तीन धमाके में 20 बच्चों की मृत्यु हो गई। एक रिपोर्ट के अनुसार दश्त-ए-बार्ची इलाके के अब्दुल शाहिद हाई स्कूल में आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया। हमले के समय बच्चे स्कूल से निकल रहे थे। काबुल पुलिस ने बताया कि यह शिया हजारा बहुल इलाका है। इस इलाके में इस्लामिक स्टेट की स्थानीय शाखा शिया समुदाय को निशाना बनाकर हमला करती है।

21 अप्रैल

छठवीं स्कॉर्पीन पनडुब्बी वागशीर का जलावतरण

● भारतीय नौसेना ने देश की समुद्री सीमा को अभेद्य बनाने के लिये मझगांव डाक

शिप बिल्डर्स में प्रोजेक्ट 75 के तहत छह पनडुब्बियों में से अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वागशीर का जलावतरण किया। रक्षा सचिव श्री अजय कुमार ने पनडुब्बी को लॉन्च किया। वागशीर पनडुब्बी अब समुद्र में एक वर्ष या उससे अधिक समय के लिये व्यापक और कठोर परीक्षणों से गुजरना होगा। परीक्षण के उपरांत वागशीर पनडुब्बी को भारतीय नौसेना में कमीशन किया जायेगा। यह पनडुब्बी अपनी श्रेणी की कई पनडुब्बियों में बेहतर है। यह पनडुब्बी एंटी सरफेस वॉरफेयर, एंटी सबमरीन वॉरफेयर, इंटेलिजेंस और एरिया सर्विलांस जैसी जिम्मेदारियां निभाने में सक्षम है। उल्लेखनीय है कि प्रोजेक्ट 75 के तहत छह में से चार स्कॉर्पीन पनडुब्बी- आईएनएस कलवरी, आईएनएस खंडेरी, आईएनएस करंज और आईएनएस वेला भारतीय नौसेना में कमशनिंग हो चुकी हैं, जबकि वागशीर पनडुब्बी का ट्रायल चल रहा है।

● असंगठित क्षेत्र के कामगारों को समुचित लाभ पहुंचाने के लिये शुरू किये गये ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों को नौकरी के अवसर मिलने लगे हैं। सरकार द्वारा ई-श्रम पोर्टल को नेशनल कॅरियर सर्विस से जोड़ने के बाद श्रमिकों को नौकरियों के अवसर मिल रहे हैं। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये प्रस्तुत किये गये आम बजट में ई-श्रम पोर्टल को श्रम मंत्रालय के नेशनल कॅरियर सर्विस पोर्टल और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम तथा असीम पोर्टल से जोड़ने की घोषणा की थी। ई-श्रम पोर्टल पर अब तक 22 करोड़ से अधिक कामगार पंजीकृत हो चुके हैं।

22 अप्रैल

सीबीएसई अगले वर्ष से बहाल करेगा वार्षिक परीक्षाएं

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने टर्म परीक्षाओं की जगह वार्षिक बोर्ड परीक्षाएं बहाल करने का निर्णय लिया है। सीबीएसई ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2022-23 से सलाना बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होंगी। सीबीएसई ने कोरोना महामारी के कारण 2020-21 सत्र में बिना सालाना परीक्षा के रिजल्ट घोषित किये थे और 2021-22 सत्र में दो टर्म में परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। सीबीएसई ने कक्षा 9वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक का सिलेबस जारी किया है। सिलेबस में पिछले दो वर्ष से 30 प्रतिशत की कटौती की गई थी। अब सिलेबस को प्री-कोविड स्तर पर बरकरार रखा गया है। प्रेक्टिकल वाले विषयों के वार्षिक पेपर 70 अंकों के होंगे, जबकि 30 अंक प्रेक्टिकल के होंगे। अन्य विषयों के वार्षिक पेपर 80 अंक के होंगे और 20 अंक इंटरनल असेसमेंट के होंगे।

● भारत की दवा नियामक संस्था ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) की विशेष समिति ने 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के कोविड टीकाकरण के लिये कोर्बोवैक्स टीके के आपात इस्तेमाल की मंजूरी देने की सिफारिश की है। देश में 12 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को कोर्बोवैक्स टीके लगाये जा रहे हैं। डीसीजीआई ने 28 दिसम्बर, 2021 को कोर्बोवैक्स वैक्सीन को वयस्कों पर आपात स्थिति में सीमित इस्तेमाल की अनुमति दी थी। कोर्बोवैक्स वैक्सीन का निर्माण हैदराबाद की दवा कंपनी बायोलॉजिकल ई द्वारा किया जा रहा है। यह वैक्सीन स्वदेशी रूप से विकसित देश की पहली आरबीडी प्रोटीन सब यूनिट वैक्सीन है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

GT विष्णुगुप्त IAS एकेडमी
प्रदेश की सबसे बड़ी एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में
नवीन कक्षाएं
MPPSC (1YEARS)- 2 MAY
UPSC (PRE+ MAINS)- 2 MAY
2 DAYS DEMO
12 वीं के बाद 3 वर्षीय विशेष पाठ्यक्रम MPPSC/UPSC 9 मई
हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में क्लास
2-3 इंद्रपुरी I-बस स्टॉप के सामने भंवरकुआं पुलिस थाने के पास इंदौर
0731-4108130 / 88890-71051
R-46945/2022

साप्ताहिक रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 17 25.04.2022 से 01.05.2022
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वार्यगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

आवास योजना में प्रतिमाह चालीस से पचास हजार आवास बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सीएम कॉन्क्लेव के निर्णयों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मध्यप्रदेश सीएम कॉन्क्लेव के निर्णयों के क्रियान्वयन के लिये तेजी से कार्य कर रहा है। यह कॉन्क्लेव प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गत 13 और 14 दिसम्बर 2021 को वाराणसी में हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश कॉन्क्लेव में लिये गये निर्णयों को बेहतर ढंग से जमीन पर उतारने का कार्य करेगा। संबंधित विभाग आम जनता के कल्याण के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, फ्लेगशिप योजनाओं और हितग्राहियों के खातों में राशि जमा करने से जुड़े कार्यों को नियमित रूप से पूरा करते रहें। जिन योजनाओं में अभी हितग्राही के बैंक खाते में सीधे राशि के अंतरण की सुविधा विकसित नहीं की गई है, उन योजनाओं में भी यह सुविधा प्रारंभ की जाये। मुख्यमंत्री ने विभागवार कॉन्क्लेव के निर्णयों की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये पात्र परिवारों में से 30 लाख से अधिक की स्वीकृति दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में करीब 4 लाख आवासों की मंजूरी दी गई है। प्रतिमाह 40 से 50 हजार आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बताया गया कि प्रदेश में विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों सहित 21 विभागों की 134 योजनाओं डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) लागू है। अब तक 17 हजार 867 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की जा चुकी है। प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण और जनजातीय छात्रवृत्ति वितरण के लिये आधार इनेबिल्ड पेमेंट सिस्टम की व्यवस्था है। भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर बनाने के कॉन्क्लेव के निर्णय पर अमल की दिशा में राज्य के योगदान स्वरूप मध्यप्रदेश सरकार ने कृषि और कृषि आधारित गतिविधियों के लिये वर्ष 2022-23 में 40 हजार 916 करोड़ और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये 2850 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय गत वित्त वर्ष के पुनरीक्षित अनुमान से 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ 48 हजार 800 करोड़ रुपये किया गया है। प्रदेश में व्यापारिक और आर्थिक गतिविधियों को अधिक सुगम बनाने के लिये ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के बीच प्रयास हो रहे हैं। जेम पोर्टल से खरीद के कार्य को दोगुना किये जाने का लक्ष्य है। डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया गया है। उच्च स्तर पर 23 प्रमुख विभागों की परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाती है। स्वच्छ भारत मिशन में गत वित्त वर्ष में शौचालय विहीन 2 लाख 66 हजार 338 पात्र परिवारों की पहचान कर 2 लाख 50 हजार 526 पारिवारिक शौचालय निर्मित किये गये हैं। भू-आवासीय योजना भी प्रारंभ की गयी है। जिसमें भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय भूखंड उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में 66 लाख लक्षित परिवारों में से 41 लाख से अधिक परिवार स्व-सहायता समूहों से जोड़े गये हैं। प्रदेश में सभी गांव में वर्ष में एक दिवस ग्राम गौरव दिवस बनाने की कार्यवाही की गई है। प्रदेश के 48 हजार 14 ग्रामों में ग्रामसभाओं का आयोजन कर गौरव दिवस की तिथि तय की गयी है। प्रदेश के 403 निकायों से गौरव दिवस की तिथि निर्धारित हो गयी है। प्रदेश के अनेक नगरों में गौरव दिवस के गरिमामय कार्यक्रम भी संपन्न हो चुके हैं। आम जन की भागीदारी भी कार्यक्रमों में देखी जा रही है और वे अपने नगर और ग्राम के विकास के लिये सक्रिय हुये। मुख्यमंत्री कॉन्क्लेव में भारतीय ज्ञान प्रणाली का पाठ्यक्रम समावेश करने के संबंध में राज्यों को प्रयास करने को कहा गया था। इस दिशा में मध्यप्रदेश ने स्नातक स्तर पर प्रथम वर्ष के लिये तैयार पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा को शामिल किया गया था।

इंसान के खून में पहली बार मिला सूक्ष्म प्लास्टिक कचरा

मानव शरीर की कल्पना खून के बिना नहीं की जा सकती है। शरीर की गतिविधियों के लिये खून की जरूरत आवश्यक है। अभी हाल ही में नीदरलैंड में हुये एक शोध में यह बात सामने आयी है कि मानव शरीर के खून में सूक्ष्म प्लास्टिक कचरा मौजूद है। प्लास्टिक हर जगह मौजूद है, किसी जगह यह बड़े आकार में पाया जाता है तो कहीं यह माइक्रो यानि अतिसूक्ष्म आकार में पाया जाता है। अब पहली बार यह इंसानों के ब्लड तक पहुंच गया है। शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में 80 फीसदी लोगों में करीब 0.2 इंच (5 मिलीमीटर) व्यास से कम प्लास्टिक के छोटे टुकड़ों का पता लगाया है। इस अध्ययन में पता चला है कि प्लास्टिक के कण शरीर के भीतर चारों ओर घूम सकते हैं। मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इसके असर को लेकर शोधकर्ता चिंतित हैं, क्योंकि माइक्रो प्लास्टिक प्रयोगशाला में मानव कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं। यह पहले से पता है कि वायु प्रदूषण के कण शरीर में प्रवेश करते हैं और इसकी वजह से हर साल बड़ी तादाद में लोगों की मृत्यु हो जाती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि पर्यावरण में भारी मात्रा में प्लास्टिक कचरा फेंका जाता है। इतना ही नहीं माइक्रो प्लास्टिक अब माउंट एवरेस्ट के शिखर से लेकर सबसे गहरे महासागरों तक पूरे ग्रह को दूषित कर रहा है। पहले से पता है कि लोग भोजन और पानी के साथ-साथ सांस लेने के माध्यम से प्लास्टिक के छोटे कणों को अपने भीतर ले जा रहे हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने पूरी तरह से स्वस्थ 22 व्यस्क वालेंटियर्स के रक्त के नमूनों का विश्लेषण किया। इनमें 17 में प्लास्टिक के कण पाये गये। नीदरलैंड में वृज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर दिक वेथाक ने बताया कि अध्ययन के निष्कर्ष संकेत देते हैं कि इंसान के ब्लड में पॉलिमर कण मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि हमें अनुसंधान का विस्तार करना होगा और नमूना आकार मूल्यांकन किये गये पॉलिमर की संख्या में वृद्धि करनी होगी। उन्होंने कहा कि कई समूहों द्वारा आगे के अध्ययन पहले से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें निश्चित रूप से चिंतित होना चाहिये क्योंकि प्लास्टिक कण पूरे शरीर में घूम रहे हैं।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल

एक ग्रह नहीं हमारा अपना घर है पृथ्वी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने एक बार कहा था कि, प्रकृति में इतनी ताकत होती है कि वह हर मनुष्य की "जरूरत" को पूरा कर सकती है, लेकिन पृथ्वी कभी भी मनुष्य के 'लालच' को पूरा नहीं कर सकती है। यानी पृथ्वी का संरक्षण तभी संभव है, जब मनुष्य उसका दोहन करना बंद कर दे, अपने लालच और निज स्वार्थ के लिए और इसी में मानव का हित भी समाहित है।

ग्लोबल वार्मिंग हो या रसायन से भरे अनाज जितना यह हमारी वसुंधरा को नुकसान पहुंचाते हैं उससे कहीं ज्यादा दुष्प्रभाव प्रत्येक जीव पर होता है। यानी प्रकृति के हित में ही हमारा हित है। हर साल 22 अप्रैल को हम "विश्व पृथ्वी दिवस" (World Earth Day) के रूप में मनाते हैं। विश्व पृथ्वी दिवस मानव जाति के लिए धरती और उसकी सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। इसके अलावा आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को एक बेहतर स्थान बनाने के लिए भी इस दिवस को मनाया जाता है। इस वर्ष 22 अप्रैल, 2022 को पृथ्वी दिवस के 52 वर्ष पूरे हो गये हैं।

हर साल 22 अप्रैल को इस दिन को मनाने की शुरुआत अमेरिका से हुई थी, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बहुत समय पहले विश्व पृथ्वी दिवस साल में दो बार मनाया जाता था। शुरुआती दिनों में इस दिन को पहले 21 मार्च को और दूसरी बार 22 अप्रैल को मनाया जाता था। हालांकि दोनों दिनों के महत्व में थोड़ा फर्क था। 21 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व पृथ्वी दिवस को संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किया गया था। वहीं 22 अप्रैल का दिन आम आदमी द्वारा पर्यावरण हित में मनाया जाता था। गौरतलब है कि साल 1970 में एक पर्यावरण आंदोलन के रूप में वर्ल्ड अर्थ डे मनाने की शुरुआत हुई थी। हालांकि कई लोगों को तो शायद यह जानकारी भी न हो कि पहले ये दिन वर्ष में दो बार मनाया जाता था। अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन की ओर से 1970 में शुरू की गई यह छोटी सी मुहिम आज एक विशाल अवसर के रूप में बदल चुकी है। 22 अप्रैल, 1970 को आयोजित पहले पृथ्वी दिवस में लाखों अमेरिकी लोगों ने भाग लिया था, जिसमें हर समाज, वर्ग और क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया था। इस प्रकार यह आंदोलन आधुनिक समय के सबसे बड़े पर्यावरण आंदोलन में बदल गया था। इस दौरान अमेरिका के हजारों कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने पर्यावरण में गिरावट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

कॉपी राइटर ने दिया नाम

पर्यावरण के हित में एक दिवस समर्पित करने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं को सहयोग विश्व के महान कॉपी राइटर अमेरिकी जुलियन कोनिंग (Julian Koenig) ने दिया था, उन्होंने पृथ्वी दिवस या अर्थ डे शब्द दिया। इस नए दिवस को मनाने के लिए 22 अप्रैल का दिन चुना गया, इसी दिन कोनिंग का जन्मदिन भी होता है। उन्होंने कहा कि 'अर्थ डे' 'वर्थ डे' के साथ ताल मिलाता है, इसलिए उन्होंने 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाने का सुझाव दिया था। इसके अलावा इस माह में विश्व में स्कूलों की छुट्टियां भी होती हैं जिससे लोग आंदोलन में भाग लेने ले लिए फ्री होते हैं और विश्व के देशों में तापमान भी अनुकूल रहता है। रोन कोब्ब ने एक पारिस्थितिक प्रतीक (Ecological symbol) का निर्माण किया, जिसे बाद में पृथ्वी दिवस के प्रतीक के रूप में अपनाया गया था। यह लोगो "E" व "O" अक्षरों को जोड़कर

बनाया गया था जिसमें "E" "Environment" व "O" "Organism" को दर्शाता है। इस लोगो को "लॉस एंजेलिस फ्री प्रेस" में 7 नवम्बर 1969 को प्रकाशित किया गया और फिर इसे सार्वजानिक डोमेन में रखा गया था।

इस साल की थीम अपने ग्रह के लिए करें निवेश

हम सभी अपने जीवन में घर खरीदने के लिए निवेश करते हैं। अपने लिए कार खरीदने, गहने खरीदने, वृद्धावस्था में हमें किसी और पर निर्भर ना रहना पड़े इसलिए पूरी ज़िंदगी की कमाई में से छोटा-छोटा हिस्सा निकालकर रिटायरमेंट प्लान के लिए पैसे निवेश करते हैं, लेकिन क्या कभी इस बारे में सोचा है कि जिस पृथ्वी पर हम रहते हैं, उस पर हमारा जीवन बेहतर हो उसके लिए हम क्या कुछ अपनी तरफ से कर रहे हैं। इस बारे में हमें सोचना चाहिए और यही हमारी इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस की थीम "इन्वेस्ट इन अवर प्लैनेट" (Invest in our planet) है, जो हमें हरित समृद्धि से समृद्ध जीवन बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। सोशल मीडिया पर इसके लिए #InvestInOurPlanet हैशटैग रखा गया है।

धरती के संरक्षण के लिए कपड़ों का सीमित उपयोग

ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी सिडनी के शोधकर्ताओं समांथा शार्प, मोनिक रेटमल और टेलर ब्रिजेज ने इस संबंध एक रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट बताती है कि अगर कोई बड़ा बदलाव नहीं आया तो 2050 तक वैश्विक तापमान वृद्धि को दो डिग्री सेल्सियस तक रोकने के लिए अधिकतम जिस स्तर तक वैश्विक कार्बन उत्सर्जन रखने की बात है, उसका 25 प्रतिशत उत्सर्जन अकेले फैशन इंडस्ट्री से होगा। अध्ययन से पता चला है कि किसी भी कपड़े को अब हम 40 प्रतिशत कम पहनने लगे हैं और यह बात हम सभी अपने आसपास देखते हैं। ब्रिटेन में किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि प्रति सेकेंड दुनियाभर में करीब एक ट्रक फ़ैब्रिक्स वेस्टेज़ जलाया जाता है या कहीं डम्पिंग ज़ोन में फेंक दिया जाता है। जलाने की वजह से एयर पॉल्यूशन बढ़ता है, जबकि डम्पिंग ज़ोन में पड़े रहने से ये सालों-साल मिट्टी के ऊपर और नीचे दोनों जगह रहकर मिट्टी को नुक़सान पहुंचाते हैं। इस अध्ययन के अलावा कोपेनहेगन में हुई एक फ़ैशन समिट की रिपोर्ट के अनुसार, हर साल डम्पिंग ज़ोन में डम्प किए गए 92 लाख टन सॉलिड वेस्टेज के लिए टेक्सटाइल इंड्रस्ट्रीज जिम्मेदार है।

पृथ्वी के समक्ष बढ़ी चुनौती

पृथ्वी के लिए प्रकाश और गर्मी का सबसे बड़ा प्राकृतिक स्रोत सूर्य है। जब भी सूर्य का प्रकाश पृथ्वी पर पड़ता है तो उससे पहले कुछ प्रकाश किरणें परावर्तित होकर अंतरिक्ष में लौट जाती हैं और कुछ किरणों को हमारे वायुमंडल में मौजूद ग्रीन हाउस गैसें परावर्तित होने से रोक लेती हैं, इसे ही ग्रीन हाउस प्रभाव कहते हैं। इसी प्रभाव के कारण पृथ्वी पर गर्मी बनी रहती है अगर यह न हो तो पृथ्वी पर बहुत ठंड होगी जिसके कारण जीवन संभव ही नहीं है, लेकिन इन ग्रीन हाउस गैसों के असंतुलित रूप से बढ़ने के कारण ये सूरज की ज्यादा गर्मी को सोखने लगी और इस तरह पृथ्वी का तापमान बढ़ने लगा और यही जलवायु परिवर्तन की समस्या है।

ग्लोबल वार्मिंग का असर मौसम पर भी होता है। इसके प्रभाव के कारण मानसून के पैटर्न में बदलाव भी आता है जिसकी वजह से कहीं सूखा तो कहीं अधिक बारिश से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है। तापमान में बढ़ोतरी के कारण वनों में आग लगने जैसी घटनाओं में वृद्धि हो जाती है। जिससे प्राकृतिक वनस्पति एवं वन्य जीवों का जीवन भी संकट में होता है। वातावरण में गर्मी बढ़ने के कारण उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव में जमी हुई बर्फ पिघल रही है जिससे समुद्र के स्तर में भी बढ़ोतरी हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करना एक चुनौती तो है पर यह कार्य असंभव नहीं। लोगों को जीवाश्म ईंधन की निर्भरता को कम करना होगा चीजों को रिसाइकल करते हुए उन का पुनः उपयोग करना पड़ेगा। कटते हुए जंगलों पर तत्काल रोक लगानी पड़ेगी। ऐसे उपकरण जो कार्बन का उत्सर्जन करते हैं उनका कम उपयोग करना होगा।

हम अपनी पृथ्वी के लिए कर सकते यह निवेश

हम अपने आसपास ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं, जहां पर थोड़ी सी सतर्कता बरतकर अपनी पृथ्वी के संरक्षण के लिए मिलकर काम कर सकते हैं।

- नए ट्रेंड के पीछे भागने की बजाय सदाबहार स्टाइल को अपनाएं। पुराने कपड़ों को कहीं दान में दें। पुराने कपड़ों को अन्य काम में लें जैसे- घर का पोछा, किचन का पोछा, गाड़ी साफ करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।
- ईंधन बचाने के लिए अपने वाहनों के टायरों में हवा का दबाव उचित रखें।
- पॉलीथिन का उपयोग कम से कम करें।
- वर्षा का जल संरक्षित कर प्रयोग करें।
- कचरा नियत जगह पर फेंकें।
- बिजली का प्रयोग सोच समझकर करें।
- घर-पड़ोस में गमलों में पौधे लगाएं एवं खाली जगहों पर वृक्षारोपण करें।
- पुरानी टूटी चीजों को कूड़े के रूप में घर से बाहर फेंकने से बेहतर उनकी मरम्मत करा कर पुनः प्रयोग करें।

हम सभी अगर मिलकर प्रयास करें तो निश्चित ही हमारी वसुंधरा को हम संरक्षित कर सकेंगे। हिंदी के कवि केदारनाथ सिंह की यह कविता भी मनुष्य के प्रकृति के प्रति और उसके संरक्षण के लिए दृढ़ विश्वास को दर्शाती है।

मुझे विश्वास है
यह पृथ्वी रहेगी
यदि और कहीं नहीं तो मेरी हड्डियों में
यह रहेगी जैसे पेड़ के तने में
रहते हैं दीमक
जैसे दाने में रह लेता है घुन
यह रहेगी प्रलय के बाद भी मेरे अन्दर
यदि और कहीं नहीं तो मेरी ज़बान
और मेरी नश्वरता में
यह रहेगी
और एक सुबह मैं उठूंगा
मैं उठूंगा पृथ्वी-समेत
जल और कच्छप-समेत मैं उठूंगा
मैं उठूंगा और चल दूंगा उससे मिलने
जिससे वादा है
कि मिलूंगा।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग नर्मदापुरम

Office Email ID - eereshbd@gmail.com & eereshoshangabad@mp.gov.in

क्र./877/निविदा/ग्रायांसे/2022 **नर्मदापुरम, दिनांक 07.04.2022**

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 1/2022-23

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की गई हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	संभाग का नाम	कार्य का नाम	निविदा की अनु. लागत (रु. में)	अमानत राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्रों का मूल्य	कार्य अवधि (वर्षाकाल सहित)
1.	2022_RES_196094	नर्मदापुरम	ग्राम कोटगांव में बेलिया नाले पर स्टॉप डेम निर्माण कार्य विकासखंड माखननगर।	1624000/-	32500/-	2000/-	06 माह
2.	2022_RES_196098	नर्मदापुरम	ग्राम घोरखेड़ा में बेलिया आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य विकासखंड नर्मदापुरम।	1051000/-	21100/-	2000/-	03 माह
3.	2022_RES_196099	नर्मदापुरम	ग्राम बिछुआ में माता मंदिर से खपर वाली नदी तक नाली निर्माण कार्य विकासखंड बनखेड़ी।	805831/-	16200/-	2000/-	03 माह
4.	2022_RES_196100	नर्मदापुरम	ग्राम बिसोनीकलां में 533 मीटर नाली निर्माण कार्य विकासखंड सिवनीमालवा।	1233772/-	24700/-	2000/-	03 माह
5.	2022_RES_196102	नर्मदापुरम	ग्राम होरिया पीपर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य विकासखंड नर्मदापुरम।	1272322/-	25500/-	2000/-	06 माह
6.	2022_RES_196103	नर्मदापुरम	ग्राम पांजराकलां में दौलत सलैया के घर से संतोष कुछारिया के घर तक नाली निर्माण कार्य विकासखंड नर्मदापुरम।	1224811/-	24500/-	2000/-	03 माह
7.	2022_RES_196104	नर्मदापुरम	ग्राम निमसाडिया के कीर मोहल्ला में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य विकासखंड नर्मदापुरम।	1272322/-	25500/-	2000/-	06 माह
8.	2022_RES_196106	नर्मदापुरम	ग्राम मेहरागांव में माता मंदिर के सामने नदी पर पिचिंग कार्य विकासखंड नर्मदापुरम।	1221552/-	24500/-	2000/-	04 माह
9.	2022_RES_196107	नर्मदापुरम	जिला पंचायत भवन में डिजिटल अधोसंरचना विकसित करने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम निर्माण (विद्युतीकरण सहित)।	1485600/-	29720/-	2000/-	06 माह
			कुल :-	**1,11,91,210/-**			

निविदा में निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती हैं :-

क्र.	विवरण	तिथि	समय
1.	निविदा ऑनलाइन प्रकाशित होने की तिथि	18.04.2022	17.30
2.	निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की प्रारंभ की तिथि	21.04.2022	10.30
3.	ऑनलाइन विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि	25.04.2022	15.00
4.	ऑनलाइन विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**30.04.2022**	17.30
5.	ऑनलाइन निविदा खुलने की तिथि	02.05.2022	10.30

निविदा प्रपत्र (Tender Document) वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित किये जायेंगे। तथा किसी भी प्रकार के संशोधन/जानकारी ऑनलाइन ही सबमिट की जाएगी। समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशन नहीं किया जाएगा। निविदा शर्तें/प्रपत्र आदि की जानकारी के लिए पोर्टल पर देखें।

कार्यपालन यंत्री

जी-11595/46916/2022 **ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग नर्मदापुरम**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
जयस्तंभ चौक के पास, जिला उमरिया (म.प्र.)

E-mail :- piuumaria@gmail.com

एनआईटी नं. - 10/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पी.आई.यू./526 **रीवा, दिनांक : 07.04.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. जिला उमरिया में अनुसूचित जाति विभाग अंतर्गत सीनियर कन्या छात्रावास भवन पाली का निर्माण कार्य मय वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण (प्रथम आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर आई.डी.	जिला	ठेके की अनुमा. राशि (पीएसी रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2022_PWPIU_196849_1	उमरिया	305.01	305010/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित	–

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. जिला उमरिया में अनुसूचित जाति विभाग अंतर्गत सीनियर कन्या छात्रावास भवन उमरिया का निर्माण कार्य मय वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण (प्रथम आमंत्रण)

2022_PWPIU_196850_1	उमरिया	321.39	321390/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित	–

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. जिला उमरिया में अनुसूचित जाति विभाग अंतर्गत सीनियर कन्या छात्रावास भवन करकेली का निर्माण कार्य मय वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण (प्रथम आमंत्रण)

2022_PWPIU_196852_1	उमरिया	312.94	312940/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित	–

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 11.04.2022 समय 09.00 AM से **दिनांक 25.04.2022** समय 6.00 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री

जी-11633/46918/2022 **लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. उमरिया (म.प्र.)**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 894/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 12.04.2022**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.05.2022 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2022_WRD_197199	**टर्न की पद्धति पर** :- सामाकोटा बैराज परियोजना मय प्रेशर सिंचाई प्रणाली सहित का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	उज्जैन	15372.52

जी-11640/46919/2022 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग, लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 01/व.ले.लि./2022-23 **भोपाल, दिनांक : 11.04.2022**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2022_PWDRB_196682_1	उपसंभाग क्रमांक 1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-1 बी.सी.डी. टाइप बंगलों में शासकीय आवास गृहों/ गैर आवासीय भवनों में छत पर जल अवरोधक का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
2.	2022_PWDRB_196683_1	उपसंभाग क्र. 1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-1 बी.सी.डी. टाइप बंगलों में शासकीय आवास गृहों/ गैर आवासीय भवनों में रंगाई, पुताई एवं पेंटिंग का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	40.00
3.	2022_PWDRB_196684_1	उपसंभाग क्र. 1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-1 के 74 बंगलों बी टाइप में शासकीय आवास गृहों/ गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/ अनुरक्षण/सीवेज कार्य/लघुमूल गौण एवं जमा कार्य।	प्रथम आमंत्रण	60.00
4.	2022_PWDRB_196685_1	उपसंभाग क्र. 1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-1 के 74 बंगलों सी, डी टाइप में शासकीय आवास गृहों/ गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत/ अनुरक्षण/सीवेज कार्य/लघुमूल गौण एवं जमा कार्य।	प्रथम आमंत्रण	60.00
5.	2022_PWDRB_196686_1	उपसंभाग क्र. 1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 1, 2, 3, 4 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों के सीवेज लाइन बदलने का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
6.	2022_PWDRB_196687_1	उपसंभाग क्र. 1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 5, 6, 7 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों के सीवेज लाइन बदलने का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
7.	2022_PWDRB_196688_1	उपसंभाग क्र. 1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय आवास गृहों/गैर आवासीय भवनों में लघुमूल गौण कार्य एवं जमा कार्य।	प्रथम आमंत्रण	60.00
8.	2022_PWDRB_196689_1	उपसंभाग क्र. 2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय आवास गृहों/गैर आवासीय भवनों में लघुमूल गौण कार्य एवं जमा कार्य।	प्रथम आमंत्रण	60.00
9.	2022_PWDRB_196690_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय आवास गृहों/गैर आवासीय भवनों में लघुमूल गौण कार्य एवं जमा कार्य।	प्रथम आमंत्रण	60.00
10.	2022_PWDRB_196691_1	जेल उपसंभाग क्र. 3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय आवास गृहों/गैर आवासीय भवनों में लघुमूल गौण कार्य एवं जमा कार्य।	प्रथम आमंत्रण	60.00
			योग :-	**475.00**

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 27.04.2022** सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-11627/46917/2022 **नया भोपाल संभाग लो.नि.वि. भोपाल (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, शिवपुरी (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक 07492-223269
निविदा आमंत्रण सूचना

नि.आं.सू. क्रमांक 11/2022-23/लोस्वायांवि/खण्ड **शिवपुरी, दिनांक 12.04.2022**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई-निविदायें Online आमंत्रित की जाती हैं।

जी-11795/46941/2022 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सीहोर (म.प्र.)**

घायलों और प्रभावितों को शासन से मिलेगा पूरा सहयोग - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खरगोन की स्थिति की समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की। उन्होंने कहा कि अब खरगोन में पूर्णतः शांति है। राज्य शासन द्वारा घायलों और प्रभावितों को हर संभव सहायता दी जाएगी। शासन नागरिकों के साथ खड़ा है।

फिर से बनाएंगे मकान

इस संबंध में निर्णय लिया गया कि दंगे और फसादों में उत्पातियों द्वारा जिनकी सम्पत्ति में आग लगाई गई है या क्षति पहुंचाई गई है, ऐसे मकानों की संख्या 10 है और आंशिक क्षतिग्रस्त मकान 70 हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ण क्षतिग्रस्त मकान बनाकर दिए जाएंगे और आंशिक क्षतिग्रस्त मकानों की आवश्यक मरम्मत कर उन्हें बेहतर बनाया जाएगा।

आजीविका के लिए भी सहायता

श्री चौहान ने कहा कि दंगों में घायल व्यक्तियों के उपचार की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। घायलों को कोई तकलीफ नहीं होने देंगे। साथ ही जिनकी आजीविका का साधन खत्म हो गया है, उनकी आजीविका फिर शुरू की जाएगी। ऐसे व्यक्तियों की संख्या 16 है।

नुकसान की होगी पूरी भरपाई

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठक में कहा कि दंगे, फसाद में नागरिकों के हुए नुकसान की पूरी तरह भरपाई करेंगे। अभी यह व्यवस्था राज्य शासन करेगा। बाद में दंगाइयों से क्षतिपूर्ति करवाई जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि किसी भी भाई-बहन को संकट के समय में अकेला नहीं रहने देंगे।

उन्होंने कहा कि किसी परिवार में बेटी का विवाह होना था, जो वर्तमान परिस्थितियों में नहीं हो सका, तो उसके लिए भी आवश्यक सहायता दी जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

रायसेन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के रहवासियों को जिला अस्पताल की सुविधाएं उपलब्ध करवाने टेलीमेडिसिन व्यवस्था का जायजा लिया। डॉ. चौधरी ने रायसेन जिला के बनगवां 'आरोग्यम उप स्वास्थ्य केंद्र' (हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर) पहुंचकर आमजन की तरह स्वयं की जांच करवाई। उन्होंने इलाज करवाने आए ग्रामीणों से चर्चा की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर और ई-संजीवनी में टेली कंसल्टेशन के माध्यम से मरीजों को उनके घर के समीप, गांव में जिला अस्पताल के उपचार की व्यवस्थाएं देने की अभिनव पहल की गई है। उन्होंने कहा कि सेंटर पर शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन आदि जांचें और 97 प्रकार की औषधियां निःशुल्क उपलब्ध हैं। ई-संजीवनी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में नियुक्त सीएचओ उपचार के लिए आए मरीज से उसकी तकलीफ के बारे में पूछते हैं। बीमारी के अन्य लक्षण की जानकारी लेकर हब सेन्टर जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक को फोन पर बताया जाता है। विशेषज्ञ चिकित्सक आवश्यक होने पर मरीज से भी जरूरी जानकारी लेकर उपचार देते हैं। डॉ. चौधरी को केंद्र पर इलाज के लिए आए मरीजों ने बताया कि उनकी बात फोन पर जिला अस्पताल के चिकित्सक से हुई और विशेषज्ञ चिकित्सक ने दवाइयां बताईं, जिसे केंद्र पर उपस्थित सीएचओ ने उन्हें प्रदान किया। मध्यप्रदेश देश का पांचवां राज्य है, जिसने 10 हजार से अधिक ई-संजीवनी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर स्थापित किए हैं। 9 हजार से अधिक केंद्र पर टेलीमेडिसिन व्यवस्था से उपचार किया जा रहा है। एक अप्रैल 2022 से अब तक 2 लाख 24 हजार से अधिक मरीजों को टेलीमेडिसिन से उपचार दिया गया है।

स्वच्छता में उच्चतम रेटिंग के प्रयास करें नगरीय निकाय - मुख्यमंत्री

वित्त आयोग की 931.50 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में नगरीय निकायों के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश के नगरीय निकाय स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्चतम स्टार रेटिंग प्राप्त करने के प्रयास करें। नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन हो। प्रधानमंत्री आवास योजना और पीएम स्ट्रीट वेंडर्स योजना में और अच्छे परिणाम लाने के प्रयास करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 15वें वित्त आयोग की वित्त वर्ष 2021-22 की 931 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि प्रदेश के नगरीय निकायों को सिंगल क्लिक से जारी करते हुए कहीं। प्रदेश के मिलियन प्लस नगरों को 432 करोड़ 50 लाख रुपये और नॉन मिलियन प्लस नगरों को 499 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वसूली में अधिकांश शहरों ने उत्कृष्ट कार्य किया है। इस वर्ष निकायों ने गत वर्ष की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत अधिक राजस्व प्राप्त किया है। इसके लिए निकाय बधाई के पात्र हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले निकायों एवं अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि नगरीय विकास विभाग शहरों को बदलने के सद्प्रयासों में संलग्न है। नगरीय विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। प्रदेश में दो श्रेणियों के नगर हैं। प्रथम श्रेणी मिलियन प्लस आबादी वाले नगरों की है। प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले शहरों में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर शामिल हैं। द्वितीय श्रेणी में 10 लाख से कम जनसंख्या वाले शहर शामिल हैं। मिलियन प्लस शहरों को अनुदान मिलने से वायु गुणवत्ता में सुधार, पेयजल, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य बेहतर तरीके से होंगे। नॉन मिलियन शहरों को बेसिक अनुदान दिया गया है, जिसका उपयोग वे विकास कार्यों के लिए कर सकेंगे।

- **प्रधानमंत्री आवास योजना में पर्याप्त राशि उपलब्ध है। प्रयास करें कि हितग्राहियों को समय से किश्त प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।**
- **ग्रीष्म ऋतु में इस बात पर विशेष ध्यान दें कि किसी जिले में पेयजल संकट न हो। इसके लिए आवश्यक तैयारियां की जाएं।**
- **प्रदेश में मानसून आगमन से पहले सड़कों में आवश्यक सुधार करें।**

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में उनके गत कार्यकाल में अनेक उपलब्धियां अर्जित की गईं। गत 2 वर्ष में भी नगरीय विकास क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। अनेक योजनाओं में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है। अभी जारी की जा रही राशि से प्रदेश के नगरीय निकायों में नागरिकों के लिए और भी अच्छी सुविधाएं विकसित करने का कार्य होगा। मध्यप्रदेश में नगरों की स्वच्छता के कार्य अच्छे तरीके से हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश विभिन्न श्रेणियों के अवॉर्ड प्राप्त कर रहा है। स्ट्रीट वेंडर्स के कल्याण, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल संरक्षण के कार्यों में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है। उन्होंने कहा प्रदेश में माफिया पर प्रभावी नियंत्रण के कदम उठाए गये हैं।

किस कार्य के लिए कितनी राशि मिली

मिलियन प्लस नगरों को वायु गुणवत्ता सुधार के लिए 131 करोड़ 50 लाख रुपये और पेयजल, सीवरेज और स्वच्छता के लिए 301 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। नॉन मिलियन नगरों को स्थानीय विकास कार्यों के लिए 199 करोड़ 60 लाख रुपये और स्वच्छता, सीवरेज, पेयजल और संरक्षण के लिए 299 करोड़ 40 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

वन प्रबंधन से संबंधित विषयों में जनप्रतिनिधियों से लिया जाए अभिमत

कूनो राष्ट्रीय उद्यान में अफ्रीकी चीतों की पुनर्स्थापना को शीघ्र करें पूर्ण - मुख्यमंत्री

भोपाल, वन प्रबंधन से संबंधित विषयों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अभिमत आवश्यक रूप से लिया जाए। स्थानीय जनता की आवश्यकताओं, जनप्रतिनिधियों के अभिमत तथा वैधानिक प्रावधानों में सामंजस्य स्थापित करते हुए योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य वन्य-प्राणी बोर्ड की 22वीं बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने सागर जिले में आरक्षित वनों को अभयारण्य के रूप में अधिसूचित करने तथा रातापानी अभयारण्य को रातापानी टाइगर रिजर्व घोषित करने के संबंध में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से चर्चा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान में अफ्रीकी चीतों की पुनर्स्थापना को शीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। श्री चौहान ने बाघों की सुरक्षा के लिए अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि विभिन्न अभयारण्यों में बाघों की संवहनीयता का अध्ययन कर, आवश्यकता होने पर बाघों को अन्य अभयारण्यों में शिफ्ट करने संबंधी कार्यवाही की जाए। मानव बसावट क्षेत्रों में बाघों के विचरण को नियंत्रित करना आवश्यक है।

श्री चौहान ने पूर्वी मध्यप्रदेश में जंगली हाथियों की उपस्थिति और उनके द्वारा किए जा रहे नुकसान को देखते हुए, हाथियों के नियंत्रण के लिए व्यवहारिक रणनीति बनाने और प्रभावित जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में निवासियों को जागरूक करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोन घड़ियाल अभयारण्य में पर्यावरण और घड़ियाल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। पर्यावरण और घड़ियालों को नुकसान पहुंचाए बिना, स्थानीय लोगों की आजीविका के लिए स्थानीय निवासियों को रेत आपूर्ति की व्यवस्था में सम्मिलित किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य वन्य-प्राणी बोर्ड की बैठक को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जंगल में आग लगने पर आग को त्वरित रूप से नियंत्रित करने के लिए अद्यतन तकनीक का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों को गंभीरता से लेते हुए बचाव की रणनीति अपनाना आवश्यक है।

बैठक में भोपाल के आसपास बायो-डायवर्सिटी को बचाने, हरियाली और तालाब आदि की रक्षा के लिए मास्टर प्लान में विशेष प्रावधान करने और भोपाल से लगे बाघ मूवमेंट वाले क्षेत्र में निर्माण कार्यों को प्रतिबंधित करने संबंधी सुझाव भी प्राप्त हुए। बैठक में राजस्व की बंजर पड़ी भूमियों पर सागौन लगाने में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के संबंध में सुझाव भी दिया गया। वन्य-प्राणी बोर्ड ने मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रतिदिन पौधा-रोपण के लिए चलाए जा रहे अभियान की सराहना की।

बैठक में पन्ना टाइगर रिजर्व, राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य संजय टाइगर रिजर्व, सीधी केन घड़ियाल अभयारण्य, ग्वालियर जिले के पक्षी अभयारण्य, नौरादेही अभयारण्य और माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में विभिन्न निर्माण एजेंसियों के कार्यों को अनुमति प्रदान पर भी चर्चा हुई।

अनेक देशों में हुआ मध्यप्रदेश के गेहूं का निर्यात - खाद्य मंत्री

भोपाल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि मिस्र (इजिप्ट) की शासकीय उपार्जन संस्था द्वारा भारत के गेहूं के आयात को मान्यता प्रदान की गई है। खाद्य मंत्री श्री सिंह वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में अप्रैल माह तक मध्यप्रदेश से गेहूं निर्यात की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण गेहूं की बम्पर पैदावार के बाद अनेक देशों में गेहूं का निर्यात किया गया, जिससे विदेशी राजस्व की भी प्राप्ति हुई।

खाद्य मंत्री ने बताया कि वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में 15 अप्रैल तक 2 लाख 4 हजार 771 मीट्रिक टन गेहूं का विदेशों में निर्यात किया गया। इसमें इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, हरदा, छिंदवाड़ा और दतिया से बांग्लादेश, इंडोनेशिया, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात और वियतनाम को गेहूं निर्यात किया गया। जबकि भोपाल, गुना, टीकमगढ़, मुरैना, ग्वालियर और अन्य जिलों से इजिप्ट, फिलीपींस, जिम्बाब्वे एवं तंजानिया में गेहूं निर्यात की पर्याप्त संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि गेहूं के निर्यात से लगभग 460 करोड़ 08 लाख रुपये का विदेशी राजस्व भी प्राप्त हुआ है। इस अवधि में सर्वाधिक गेहूं इंदौर से 97 हजार 887 मीट्रिक टन एवं अन्य कुछ जिलों से न्यूनतम 3 हजार 370 मीट्रिक टन निर्यात किया गया। उन्होंने बताया कि कांडला, मुंदरा, न्हावा शेवा, विशाखापट्टनम, बांग्लादेश बॉर्डर बंदरगाहों के माध्यम से गेहूं का निर्यात किया गया।

श्री सिंह ने बताया कि विगत एक माह में मध्यप्रदेश से देश के विभिन्न 8 स्थानों पर गेहूं के 87 रैक भेजे गए। इनमें गांधी धाम में 17, कांडला में 16, मुंदरा में 08, खारी रोहर में 10, ध्रुब में 09, शिरवा में 08, विशाखापट्टनम में 09 और काकीनाडा में 10 रैक भेजे गए, जिससे 2 लाख 43 हजार 600 मीट्रिक टन गेहूं निर्यात किया गया। इसके अलावा 2,116 से 59 लाख 24 हजार 800 मीट्रिक टन गेहूं भेजा जाना है।

उल्लेखनीय है कि मंत्रिपरिषद द्वारा लिए निर्णय के बाद निर्यातकों के पंजीयन हेतु ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ किया गया है। आगामी तीन दिनों में निर्यात डैशबोर्ड भी प्रारंभ हो जाएगा। निर्यातक एक्सपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 18002333474 पर अपना विवरण दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका, मोजाम्बिक एवं जिम्बाब्वे के आयोजकों को लागत पत्रक भी प्रेषित किये जा चुके हैं।

खाद्य मंत्री ने बताया कि रबी उपार्जन में 27 लाख 24 हजार 999 मीट्रिक टन रबी फसलों के लिए पंजीयन कराया गया, जिसमें गेहूं 19 लाख 81 हजार 506, चना 4 लाख 57 हजार 680, मसूर एक लाख 14 हजार 876 एवं एक लाख 70 हजार 937 मीट्रिक टन सरसों फसल के लिए पंजीयन शामिल है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

दो मई को भोपाल में आयोजित होगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में राज्य स्तरीय लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के लिये तैयारियों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, आगामी 2 मई को राजधानी भोपाल में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का गरिमामय आयोजन किया जाएगा। इसमें लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही बालिकाओं को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में बालिकाओं को ड्राइविंग लायसेंस देने और मां तुझे प्रणाम योजना में चयनित बालिकाओं को देश की सीमाओं की भ्रमण यात्रा के लिए रवाना किया जाएगा। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में हितग्राही बालिकाओं के अभिभावक भी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का पूरे प्रदेश में ग्राम स्तर तक प्रसारण किया जाएगा। भोपाल में 2 मई को और जिलों में 3 से 11 मई की अवधि में विभिन्न कार्यक्रम भी होंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में हुई बैठक में राज्य स्तरीय लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुये कहीं।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में 3 से 11 मई की अवधि में पंचायत स्तर पर भी उत्सव होगा। इसमें विभिन्न जिलों में स्थानीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों से लाड़ली लक्ष्मियों को जोड़ा जाएगा। इन गतिविधियों में बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, फॉलिक एसिड टेबलेट्स वितरण, रंगोली एवं अन्य स्पर्धाओं के साथ खेलकूद भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री, विधायक और सांसदों को आमंत्रित करने के निर्देश भी दिए।

कार्यक्रमों की रूपरेखा

अपर मुख्य सचिव महिला एवं बाल विकास श्री अशोक शाह ने जानकारी दी कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में योजना की हितग्राही बालिकाओं के साथ अभिभावकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं का सम्मान भी किया जाएगा। मां तुझे प्रणाम योजना में 200 बालिकाओं को राष्ट्र की सीमाओं तक भ्रमण पर भेजा जाएगा। यह दल 2 मई को भोपाल से रवाना होगा और 7 मई को वापस लौटेगा। लाड़ली लक्ष्मियों को भोपाल के जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण भी करवाया जाएगा। ग्राम स्तर पर बेहतर लिंगानुपात वाली ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने की रूपरेखा भी बनाई गई है। ग्रामों में 3 से 11 मई की अवधि में जन-सहभागिता से पोषण मटके में खाद्यान्न सामग्री देने, वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी केंद्रों की सजावट, स्वरुचि भोज जैसे कार्यक्रम होंगे, जिनसे समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ा जाएगा।

लाड़ली लक्ष्मी योजना सफलता के 15 वर्ष

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में 1 अप्रैल 2007 से प्रारंभ लाड़ली लक्ष्मी योजना से बालिकाओं के सशक्तिकरण का कार्य हुआ है। लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के विकास, बालिकाओं के शैक्षणिक स्तर के उन्नयन और स्वास्थ्य में सुधार के लक्ष्य पूरे करने में योजना की उपयोगिता सिद्ध हुई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में करीब 43 लाख लाड़ली लक्ष्मी बेटियां हैं।

मुख्यमंत्री ने पचमढ़ी में गत 26 मार्च को चिंतन बैठक में मई माह में भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाने के निर्देश दिए थे। श्री चौहान का मत है कि मध्यप्रदेश के लिए इतनी बड़ी संख्या में लाड़ली लक्ष्मी बेटियों का होना गर्व की बात है। इन बेटियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना को नई ऊंचाइयां दी जाएंगी। बेटियां अनेक क्षेत्रों में लीड कर रही हैं। इस उद्देश्य से लाड़ली लक्ष्मी के प्रोत्साहन के लिए लाड़ली लक्ष्मी उत्सव की रूपरेखा बनाई गई है।

रोज़गार के अधिक अवसर सृजित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता

भोपाल, मध्यप्रदेश में रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस उद्देश्य से प्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक इकाइयों को राज्य शासन की ओर से हरसंभव सहयोग और प्रोत्साहन दिया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में मेसर्स चिरीपाल ग्रुप के डायरेक्टर श्री ज्योति प्रसाद चिरीपाल तथा प्रेसिडेंट श्री दीपक जैन से भेंट के दौरान कही।

चिरीपाल ग्रुप, रतलाम में लगभग 250 एकड़ क्षेत्र में 4 हजार 600 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से सोलर सेल, सोलर ग्लास तथा पी.वी. मॉड्यूल उत्पादन की इकाई स्थापित करने का इच्छुक है, जिससे लगभग 3 हजार लोगों के लिए रोज़गार के अवसर निर्मित होंगे। इसी प्रकार यह समूह, रतलाम में ही 30 एकड़ क्षेत्र में 800 करोड़ रुपये के निवेश से टेक्सटाइल यूनिट स्थापित करेगा, जिससे 900 लोगों को रोज़गार मिलेगा।

वर्तमान में चिरीपाल ग्रुप की 6 सहायक कम्पनियों की 9 उत्पादन इकाइयां संचालित हैं, जिनका वार्षिक टर्नओवर 8 हजार करोड़ रुपये है। इकाई शिक्षा, टेक्सटाइल, पॉलीफिल्स तथा पेट्रोकेमिकल्स के क्षेत्र में कार्य कर रही है।

कौशल विकास के लिये युवाओं को प्रेरित करने वाले प्रतिनिधि सम्मानित

भोपाल, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में अधिक से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिये प्रेरित करने के लिये मध्यप्रदेश के दो ग्रामों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। केन्द्रीय सचिव ग्रामीण विकास की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में रतलाम एवं देवास जिले के ग्राम प्रतिनिधियों ने भोपाल से प्रतिभागिता की।

उल्लेखनीय है कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना केन्द्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के ग्रामीण युवाओं को बाजार में मांग आधारित विभिन्न ट्रेड में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को लघु अवधि के निःशुल्क प्रशिक्षण देने के बाद रोज़गार के निश्चित अवसर प्रदान करना है।

जिन ग्रामों के ग्राम प्रतिनिधियों द्वारा अपने ग्राम के अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण के लिये प्रेरित किया गया है, उन्हें आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में केन्द्रीय ग्रामीण विकास विभाग एवं एनआईआरडी हैदराबाद द्वारा सम्मानित किये जाने के लिये वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

देश के विभिन्न प्रदेशों के 75 ग्रामों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किये जाने के लिये चयनित किया गया था। इनमें मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के खारवाकलां तथा देवास जिले के बरोठा ग्राम का चयन किया गया।

श्री एल.एम. बेलवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा राज्य कार्यालय आजीविका मिशन में श्रीमती रेशम बाई, प्रधान ग्राम खारवाकलां जिला रतलाम, श्रीमती अंशु बाई अध्यक्ष आजीविका ग्राम संगठन खारवाकलां जिला रतलाम, श्री जयंत नागर ग्राम प्रधान ग्राम बरोठा जिला देवास एवं श्रीमती विमल नागर आजीविका ग्राम संगठन बरोठा को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किये एवं कौशल विकास के लिए युवाओं को प्रेरित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। ग्राम संगठन अध्यक्ष श्रीमती विमल नागर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से केन्द्रीय सचिव ग्रामीण विकास श्री नागेन्द्र नाथ से संवाद कर ग्राम में किये गये प्रयासों की जानकारी दी।

मध्यप्रदेश के अति सघन वन क्षेत्र में हुई 63 प्रतिशत की वृद्धि - वन मंत्री

भोपाल, वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि मध्यप्रदेश में अति सघन वन क्षेत्रफल में 63 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2005 में 4239 वर्ग किलोमीटर अति सघन वन क्षेत्रफल था, जो अब बढ़कर 6665 वर्ग किलोमीटर तक हो चुका है। भारतीय वन सर्वेक्षण संस्थान देहरादून द्वारा वर्ष 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया गया है।

वन मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 79 लाख 70 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र के वन प्रबंधन में जनभागीदारी के लिये प्रदेश के 15 हजार 608 ग्रामों में वन समिति गठित है। वनों के प्रबंधन में आश्रित समुदायों की भागीदारी से सकारात्मक परिणाम आए हैं। जहां एक ओर दुनिया में प्राकृतिक वनों के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। ऐसी स्थिति में भी प्रदेश में हजारों ग्राम समुदायों ने वन विभाग के साथ मिलकर बिगड़े वन क्षेत्रों को अच्छे वनावरणों वाले वन-क्षेत्रों में परिवर्तन का कार्य किया है। वन क्षेत्रों में हुई वृद्धि में प्रदेशवासियों खास तौर पर वन क्षेत्रों के आस-पास रहने वाले जनजातीय समुदायों की अहम भूमिका रही है।

डॉ. शाह ने बताया कि प्रदेश में गठित वन समितियों को राजस्व का 20 फीसदी हिस्सा दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इस व्यवस्था के कायम होने से वन समितियां आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। खास तौर पर जनजातीय वर्ग को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि वन ग्राम को राजस्व ग्राम में परिवर्तन करने की मांग के दृष्टिगत मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर राजस्व विभाग के साथ सैद्धान्तिक सहमति प्राप्त हो चुकी है। अब यथाशीघ्र इसकी प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

मध्यप्रदेश के वन सागौन, साल जैसी बेशकीमती इमारती लकड़ी और बांस उत्पादन के मामले में देशभर में विख्यात हैं। साथ ही प्रदेश वन्य-प्राणियों के संरक्षण के मामले में भी अग्रणी राज्य बन गया है। सर्वाधिक 526 बाघों की उपस्थिति से प्रदेश को 'बाघ राज्य' का गौरव हासिल है। देश में सर्वाधिक 3421 तेन्दुए, 2 हजार घड़ियाल और 772 भेड़ियों की मौजूदगी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

वेंडर पेमेंट मैनेजमेंट प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए समन्वय समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा प्रदेश में वेंडर पेमेंट मैनेजमेंट प्रणाली को प्रारंभिक चरण में क्रियान्वयन किए जाने के लिए आयुक्त, कोष एवं लेखा की अध्यक्षता में समन्वय समिति का गठन किया गया है। आयुक्त संस्थागत वित्त, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम और वाणिज्यिक कर विभाग के नामांकित प्रतिनिधि समिति के सदस्य के रूप में शामिल होंगे। प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन सदस्य सचिव रहेंगे। समन्वय समिति वित्त विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण में कार्य करेगी। यह समिति वेंडर पेमेंट मैनेजमेंट प्रणाली की रूपरेखा और समय-समय पर वेंडर मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के प्रारूप और प्रक्रिया का निर्धारण भी करेगी।

प्रधानमंत्री आवास और अन्य योजनाओं के अमल में ढिलाई नहीं होगी सहन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में 8 विभागों की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों के सुचारू अमल पर निरंतर नजर रखी जा रही है। योजनाओं के अमल में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आर्थिक अनियमितता करने वाले अधिकारी दंडित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में विशेष रूप से पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। श्री चौहान ने कहा कि योजना में मिलने वाली राशि का हितग्राही को यदि विलंब से भुगतान होता है, तो योजना में गड़बड़ी का संकेत प्राप्त हो जाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वे प्रदेश के विभिन्न स्थानों के दौरे में योजना के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त करते हैं। इस योजना में हितग्राहियों को किश्त की राशि प्रदान न किए जाने और कर्तव्य में लापरवाही के दोषी तीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी निलंबित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने खाद्यान्न वितरण, पोषण आहार वितरण, विद्युत देयकों के भुगतान के लिए दी गई रियायत, कृषक कल्याण, अनाज उपार्जन, सीएम राइज विद्यालय, राजस्व क्षेत्र में किए गए सुधारों, सुशासन के प्रयासों, सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य नागरिक कल्याण योजनाओं के संबंध में विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए। श्री चौहान ने कहा कि निर्धन तबके को मिल रही राशन सामग्री से जुड़े कार्यों में गड़बड़ियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। गरीबों को उनके अधिकार के अनाज का एक-एक दाना मिलना चाहिए। अनाज वितरण के कार्य में लापरवाही बरतने वालों को दंडित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गेहूं के निर्यात के लिए महत्वपूर्ण पहल हुई है। उन्होंने निर्यात के प्रयासों को सराहनीय बताया। वर्तमान में मिस्र (इजिप्ट) सहित अन्य देशों में मध्यप्रदेश के गेहूं की मांग में वृद्धि हुई है। गत एक माह में मध्यप्रदेश से देश के 8 बंदरगाहों तक 87 रैक भेजे गए हैं। करीब ढाई लाख मीट्रिक टन गेहूं निर्यात किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार के फैसले के बाद अब निर्यातकों के लिए पंजीयन के उद्देश्य से ऑनलाइन पोर्टल काम कर रहा है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंस से चर्चा भी की जा रही है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रगति ऑनलाइन

जलप्रदाय योजना पूरी कर जनता को दिलवाएं पेयजल सुविधा - मुख्यमंत्री

भोपाल, भिण्ड में 200 करोड़ रुपये की जलप्रदाय योजना के कार्यों को निर्धारित अवधि के पूर्व ही पूरा करने का लक्ष्य रखा जाए, जिससे इसी ग्रीष्म काल में नागरिकों को पर्याप्त पेयजल मिल सके। इसी तरह सागर के उपनगर मकरोनिया में करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित की जा रही जलप्रदाय योजना के कार्यों में भी तेजी लायी जाए। सितम्बर 2022 में पूरी होने वाली इस योजना को प्रयासपूर्वक समय के पहले पूरा कर जनता को लाभान्वित किया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रदेश में संचालित बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा (प्रगति ऑनलाइन) करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने दोनों जलप्रदाय योजनाओं के लिए कार्य कर रही एजेंसियों के पदाधिकारियों से भी वर्चुअली चर्चा कर योजनाओं को शीघ्र पूरा करने को कहा।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि ग्वालियर में एक हजार बिस्तर क्षमता के अस्पताल का कार्य पूरा होने को है। वर्तमान में एक ब्लॉक में ओपीडी भी संचालित है। अस्पताल भवन के साथ ही धर्मशाला का निर्माण भी हो रहा है।

ग्लोबल स्किल्स पार्क

प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार श्री आकाश त्रिपाठी ने बताया कि भोपाल का ग्लोबल स्किल्स पार्क इस वर्ष के अंत तक तैयार हो जाएगा। सिंगापुर के सहयोग से विकसित हो रहे इस पार्क की परियोजना लागत 645 करोड़ रुपये है। यह पार्क राजधानी भोपाल और मध्यप्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षित कर रोज़गार दिलवाने का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का मिलेगा प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में क्रिस्प की साधारण सभा की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, भविष्य की तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और इलेक्ट्रिकल व्हीकल के क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं का कौशल उन्नयन आवश्यक है। साथ ही ग्रामीण स्तर पर जारी विकास और निर्माण कार्यों को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में मेसन, प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन, सोलर पंप टेक्नीशियन आदि की आवश्यकता है। ग्रामीण युवाओं को इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण देना जरूरी है। सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफार्मेंस (क्रिस्प) इस दिशा में गंभीरता से प्रयास करें। यह गतिविधियां प्रदेश में रोज़गार के अवसर सृजित करने और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में सहायक हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफार्मेंस (क्रिस्प) की साधारण सभा की बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

बैठक में बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में युवाओं के प्रशिक्षण के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ टाइ-अप किया जा रहा है। साथ ही इलेक्ट्रिकल व्हीकल के क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए वॉल्वो कम्पनी के साथ मिलकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इन क्षेत्रों में प्रदेश के रोज़गार चाहने वाले छात्रों को कौशल विकास केन्द्रों से 3 से 6 माह का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। प्रतिवर्ष 4 हजार प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है।

क्रिस्प संस्था प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को स्व-रोज़गार प्रदान करने के लिए ग्रामीण उद्यमी कार्यक्रम प्रारंभ करेगी। इसमें 22 हजार 800 पंचायतों में चार-चार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मेसन, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, ऑटो सर्विस, सोलर पंप टेक्नीशियन की क्षमता विकास करने पर केंद्रित होगा। प्रदेश में 91 हजार 200 ग्रामीण उद्यमी तैयार किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कुशल मानव संसाधन तैयार करने के लिए मौजूदा प्रयोगशालाओं, उपकरणों और सुविधाओं को अपग्रेड करने की सहमति प्रदान की। साथ ही श्रम विभाग के आई.टी.आई. को मुम्बई स्थित 'एल एण्ड टी' की स्किल ट्रेनर्स अकादमी के स्तर के अनुरूप विकसित करने पर सहमति प्रदान की गई। साधारण सभा की बैठक में ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर और बैतूल में सैटेलाइट सेंटर प्रारंभ करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में जानकारी दी गई कि क्रिस्प संस्था सतत विकास लक्ष्य में गुणवत्ता शिक्षा, आर्थिक विकास तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में लोकल फॉर वोकल और स्किल इंडिया मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग, कौशल विकास और उद्यमिता विकास तथा रोज़गार सृजन के क्षेत्र में कार्य कर रही है।

मध्यप्रदेश क्षय उन्मूलन अभियान में देश में बना नंबर वन

भोपाल, वर्ष 2025 तक क्षय उन्मूलन के लक्ष्य प्राप्ति के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 24 मार्च से 13 अप्रैल तक संचालित किए जा रहे क्षय (टीबी) उन्मूलन महाअभियान में मध्यप्रदेश, देश में नंबर वन है। आयुष्मान भारत के चौथे वार्षिक दिवस 16 अप्रैल को वर्चुअल कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मध्यप्रदेश को 5 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले राज्यों की श्रेणी में नंबर वन घोषित कर प्रमाण-पत्र दिया।

केंद्र सरकार द्वारा अभियान की समीक्षा की जा रही है। देश के समस्त राज्यों से प्राप्त रिपोर्टिंग एवं आंकड़ों के आधार पर राज्यों को सम्मानित किया गया। डॉ. मांडविया ने देश में 5 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले राज्यों में मध्यप्रदेश को प्रथम स्थान मिलने पर बधाई दी।

कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए मध्यप्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में क्षय उन्मूलन अभियान प्रारंभ किया था। अभियान में प्रदेश के समस्त हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीबी जांच, उपचार की सुविधाएं प्रारंभ कीं। क्षय रोगियों को उच्च-स्तरीय जांच एवं निदान सुविधा उपलब्ध कराई गई। अभियान में प्रदेश के सभी जिलों में युद्ध स्तर पर कार्य किया जाकर 2 लाख 42 हजार 987 मरीजों की जांच की गई। खोजे गए 81 प्रतिशत क्षय रोगियों को निक्षय पोषण योजना का लाभ उपलब्ध करवाया गया।

सिविल सेवा मात्र कॅरियर नहीं, यह देश के निर्माण और जनता की सेवा का अभियान है

प्रदेश को बीमारू राज्य से विकासशील राज्य के रूप में खड़ा करने में लोक सेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश की प्रगति, विकास और जनकल्याण में लोक सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश को बीमारू राज्य से विकासशील राज्यों की पंक्ति में खड़ा करने में जिन लोक सेवकों ने योगदान दिया है, मैं उन सभी को प्रणाम करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल सेवा, मात्र कॅरियर नहीं यह देश के निर्माण और जनता की सेवा का अभियान है। लोक सेवकों के पास देश एवं प्रदेश को बदलने और जनता की जिंदगी बदलने का सामर्थ्य है। लोक सेवक केपेसिटी बिल्डिंग की हर समय कोशिश करते रहें और इस भाव के साथ कार्य करें कि सुधार की गुंजाइश हमेशा विद्यमान रहती है।

मुख्यमंत्री 17वें सिविल सेवा दिवस पर आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित भोपाल में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय वन सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा, राज्य पुलिस सेवा और राज्य वन सेवा के अधिकारी उपस्थित थे। श्री चौहान ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हारमोनी समूह द्वारा वंदे-मातरम् गीत की प्रस्तुति दी गई। केपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के सदस्य श्री आर. बालासुब्रमण्यम विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में लोक सेवकों ने कोरोना काल में अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। वे डरे नहीं, चुनौतियों को स्वीकार किया और स्वयं को दांव पर लगाकर भी अपने दायित्वों का निर्वहन किया। कर्तव्य की बलिवेदी पर कई अधिकारी-कर्मचारी बलिदान हो गए। कई लोक सेवक संक्रमित होने के बाद भी कर्तव्य-पथ पर डटे रहे। श्री चौहान ने कहा कि लोक सेवकों के साथ काम का मुझे सुखद अनुभव है, प्रदेश की टीम पर मुझे गर्व है।

श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना और पब्लिक सर्विस डिलीवरी गारंटी एक्ट का उदाहरण देते हुए कहा कि योजनाओं का विचार जनता के बीच से और जनता को राहत देने के उद्देश्य से आता है। योजनाओं को आकार देना और उसका सफल क्रियान्वयन लोक सेवकों पर ही निर्भर करता है। प्रदेश में लागू लाड़ली लक्ष्मी योजना के सफल क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्रदेश में 43 लाख लाड़ली लक्ष्मियां हैं। मध्यप्रदेश की इस योजना को कई राज्यों ने भी अपनाया है। इसी प्रकार पब्लिक सर्विस डिलीवरी गारंटी एक्ट की सराहना संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा की गई है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी में अद्भुत नेतृत्व क्षमता है। वे जीवन के सभी पहलुओं पर विचार करते हैं और देश को परिणाममूलक नेतृत्व प्रदान करते हैं। मिलेट मिशन, प्राकृतिक खेती, अमृत तालाब योजना और मिशन कर्मयोगी, इसके कुछ उदाहरण हैं।

श्री चौहान ने लोक सेवकों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि हम वर्तमान में जो कर रहे हैं, उससे बेहतर करने के लिए प्रयास करते रहना आवश्यक है। बदलती तकनीक और परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को अपग्रेड करना और स्वयं को दक्ष एवं उपयुक्त बनाना जरूरी है। इसके लिए उपयुक्त प्रशिक्षण लेने के साथ व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करते रहने से ही हम, स्वयं की कार्यक्षमता को निरंतर बेहतर बना सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने गीता के श्लोक का उदाहरण देते हुए, सात्विक कार्यकर्ता के लक्षणों के संबंध में चर्चा की। श्री चौहान ने कहा कि पूर्वाग्रह से मुक्त एवं अहंकार शून्य रहना, धैर्य बनाए रखना, सकारात्मक रहते हुए उत्साह से परिपूर्ण दृष्टिकोण रखना, सफलता-असफलता में समान भाव बनाए रखना तथा विश्वास से भरे रहना आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एक अन्य उदाहरण से कार्य के प्रति सकारात्मक एवं उत्साह से परिपूर्ण और कल्याण का दृष्टिकोण रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि लोक सेवकों को देश-प्रदेश को बनाने और जनता के कल्याण का मौका मिला है।

श्री चौहान ने शासकीय कार्य के साथ परिवार को समय देने और स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता बताई। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि ध्यान-योग एवं प्राणायाम, शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए आवश्यक हैं। श्री चौहान ने श्री नरोन्हा तथा श्री बुच का उदाहरण देते हुए कहा कि अपने कार्यों और सेवाओं के बल पर लोक सेवक आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण के रूप में स्थापित हो सकते हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

प्रदेश में
खंडवा, धार, खरगौन,
बुरहानपुर, झाबुआ, बड़वानी
तथा अलीराजपुर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

संपर्क करें
9425625746, 9424442725

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सम-सामायिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

डायलन मिराग्लिया

एक घंटे में 194 बार पत्थर उठाकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

अमेरिका के कोलोरैडो में पेशे से दमकलकर्मी डायलन



मिराग्लिया ने एक घंटे में 194 बार 87 किलो वजनी पत्थर उठाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में वजन उठाने के एक रिकॉर्ड को देखकर उन्हें ऐसा करने की प्रेरणा मिली है। मिराग्लिया ने कुल मिलाकर 1 घंटे में 16,996 किलो वजन उठाया। यह पिछले रिकॉर्ड से 3,628 किलो ज्यादा है। डायलन ने कहा कि आगे भी वे अपना रिकॉर्ड तोड़ने का प्रयास करेंगे।

टाइम जंप तकनीक से

पचपन वर्षीय महिला की त्वचा तीस वर्षीय महिला जैसी बनी

वैज्ञानिकों ने 'टाइम जंप' नामक तकनीक के जरिये

पचपन वर्षीय महिला की त्वचा को तीस वर्षीय महिला जैसी बनाने में सफलता हासिल की है। नोबेल पुरस्कार विजेता शिनाया यामानाका ने 2006 में इसी तकनीक पर कार्य किया था। शोधकर्ता टीम के अनुसार स्टेम सेल रीप्रोग्रामिंग की प्रक्रिया 50 दिन में पूरी होती है। यह बूढ़ी हो रही कोशिकाओं को हटाने या मरम्मत करने की प्रक्रिया है। इस तकनीक के जरिये अधिक शोध कर रीजेनेरिटिव मेडिसिन (चेहरे को जवां दिखाने वाली दवाएं) जैसी उन्नत दवा बनाई जा सकती है।

विक्टोरिया

समुद्र में कृत्रिम मिट्टी डालकर बढ़ाई जमीन

हिंद महासागर में स्थित सेशल्स द्वीप समूह की राजधानी



विक्टोरिया की जमीन कृत्रिम रूप से बढ़ाई गई है। ज्वालामुखी के लावे से बने इस द्वीप समूह में सैकड़ों द्वीप हैं। राजधानी विक्टोरिया का क्षेत्रफल लगभग 20 किलोमीटर है। कुछ साल पहले यह 10 किलोमीटर क्षेत्र में थी, लेकिन 'रिक्लेमिंग द सी' तकनीक से समुद्र के उथले इलाकों में कृत्रिम रूप से मिट्टी डालकर इसे बढ़ाया गया है।

डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा

भारत में नेपाल के राजदूत नियुक्त

नेपाल ने अर्थशास्त्री डॉक्टर शंकर प्रसाद शर्मा को

भारत में राजदूत नियुक्त किया है। शर्मा अमेरिका में नेपाल के राजदूत रह चुके हैं। हवाई विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र से पीएच.डी. कर चुके शर्मा वित्त मंत्रालय में मुख्य सलाहकार भी रहे हैं। नेपाल ने चीन में अपना राजदूत विष्णु पुश्कर श्रेष्ठ को बनाया है।

विल स्मिथ

दस साल तक ऑस्कर समारोह में शामिल होने पर लगा प्रतिबंध

ऑस्कर अवॉर्ड समारोह में क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने को लेकर एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स ने

अभिनेता विल स्मिथ पर ऑस्कर के किसी भी समारोह में शामिल होने पर 10 साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है। गौरतलब है कि 27 मार्च 2022 को आयोजित ऑस्कर अवॉर्ड समारोह में सर्वश्रेष्ठ फीचर डॉक्यूमेंट्री श्रेणी के लिये ऑस्कर पुरस्कार देते हुये रॉक ने स्मिथ की पत्नी एवं अभिनेत्री जेडा पिंकेट स्मिथ का मजाक उड़ाया था।

पिनाका मिसाइल

डीआरडीओ ने किया सफल परीक्षण

भारतीय सेना और भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन

(डीआरडीओ) ने पिछले 15 दिनों में देश के कई स्थानों से पिनाका मिसाइलों का सफल परीक्षण किया। कुल मिलाकर 24 परीक्षण किये गये। पिनाका मिसाइल ने टारगेट को पूरी सटीकता और गति के साथ ध्वस्त कर दिया। उसने तय मानकों को पूरा किया। पिनाका एम.के.-1 (एन हैंग्ड) रॉकेट सिस्टम और पिनाका एरिया डिनायल म्यूनिशन रॉकेट सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया। यह दोनों ही तकनीक पिनाका मिसाइल सिस्टम का नया वर्जन हैं।

'कदम'

आईआईटी मद्रास ने लॉन्च किया पहला स्वदेशी पॉलीसेंट्रिक कृत्रिम घुटना

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के शोधकर्ताओं ने

भारत का पहला स्वदेशी पॉलीसेंट्रिक कृत्रिम घुटना 'कदम' लॉन्च किया है। जिसका लक्ष्य घुटने से ऊपर विकलांग हजारों लोगों को बेहतर जिन्दगी देना है। 'कदम' नामक मेड इन इंडिया प्रोडक्ट घुटने के ऊपर प्रोस्थेसिस के लिये पॉलीसेंट्रिक घुटना है, जिसका विकास सोसाइटी फॉर बायोमेडिकल टेक्नोलॉजी और मोबेलिटी इंडिया के सहयोग से किया गया है।

एमके-3 हेलीकॉप्टर

भारतीय तटरक्षक का पहला उन्नत हेलीकॉप्टर अधिकृत

भारत की समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये भारतीय

तटरक्षक बल के पहले उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) एमके-3 स्क्वाड्रन को अधिकृत किया गया है। एएलएच एम के-3 हेलीकॉप्टरों में अत्याधुनिक सेंसर की एक श्रृंखला होती है। यह हेलीकॉप्टर शक्तिशाली इंजन, पूर्व ग्लास कॉकपिट, उच्च तीव्रता वाली सर्चलाइट, टक्कर से बचाव प्रणाली, उन्नत संचार प्रणाली से लैस हैं। यह स्वचालित उड़ान नियंत्रण प्रणाली और यातायात चेतावनी की सुविधाओं से यंत्रीकृत हैं।

स्कॉटलैंड

भारत को लौटायेगा म्यूजियम में रखीं कलाकृतियां

भारत से चोरी करके स्कॉटलैंड पहुंची कलाकृतियों को

लौटाने स्कॉटलैंड की सरकार तैयार हो गई है। स्कॉटलैंड से किसी देश को एक बार में लौटाई जाने वाली यह सबसे ज्यादा कलाकृतियां होंगी। भारतीय उच्चायोग ने इस वर्ष के शुरू में ग्लासगोव नगर परिषद् से कानपुर, ग्वालियर और बिहार से चुराई गई पुरातन महत्व की छह कलाकृतियां लौटाने का अनुरोध किया था। पिछले माह उच्चायोग के व्यापार सचिव प्रथम जसप्रीत सिंह सुखीजा ने दक्षिण भारत की 14वीं सदी की ऐतिहासिक तलवार और म्यान लौटाने की मांग उठाई थी।

स्पेन

स्टफ्ड एनिमल का संग्रह मिला

स्पेन में स्टफ्ड एनिमल का एक सबसे बड़ा निजी

टेक्सिडर्मी संग्रह मिला है। कालाबाजारी की आशंका के चलते सरकार इसकी जांच करेगी। काले बाजार में इस संग्रह की कीमत 29 मिलियन यूरो (लगभग 239.45 करोड़ रुपये) मानी जा रही है। कानून प्रवर्तन एजेंसी सिविल गार्ड के दो एजेंटो को पूर्वी तटीय शहर वालेंसिया के नजदीक दो गोदामों में 1090 स्टफ्ड एनिमल मिले। इनमें 400 से ज्यादा संरक्षित प्रजातियों से हैं। चीता, तेंदुआ, शेर, ध्रुवीय भालू, स्नो पैंथर और सफेद गेंडा के साथ विशालकाय हाथी भी था।

चार्ल्स डार्विन के

संदेश वाली कॉपी वर्षों बाद मिली

प्रसिद्ध वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन की दो कॉपी कथित



तौर पर कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से चोरी हो गई थी। इन्हें दो दशकों के बाद किसी ने लाइब्रेरी के अंदर वापस रख दिया। इसमें हैप्पी ईस्टर का संदेश लिखा था। इसमें 19वीं सदी के वैज्ञानिक का प्रसिद्ध 'ट्री ऑफ लाइफ' स्कैच बना है। यह कॉपी 2001 में फोटो खींचने के लिये हटाये जाने के बाद से गायब हो गई थी। उस समय कर्मचारियों को लगा था कि उन्होंने कॉपी कहीं और रख दी है।

लिंडसे वॉन

लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार समारोह की मेजबानी करेंगी

अमेरिका की पूर्व स्कीइंग विश्व चैंपियन और

ओलिंपियन लिंडसे वॉन स्पेन के सेविले में 2022 लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार समारोह की मेजबानी कर रही हैं। उन्होंने ट्वीटर पर यह जानकारी दी है। चुने नामांकित खिलाड़ियों में नीरज चोपड़ा, डॉम ब्रैडी, रॉबर्ट लेवांडोस्की, मैक्स वेस्टार्पन, एलिन थॉम्पसन-हेरा, एमा मैककेन, एमा राडुकानू और सिमोन बाइल्स भी शामिल हैं।

हिल्स हॉर्सशू

रवांडा में दिखा विलुप्त प्रजाति का चमगादड़

रवांडा में विलुप्त प्रजाति का एक ऐसा चमगादड़ पाया

गया है जो कि पिछले चालीस वर्षों से नहीं देखा गया था। चमगादड़ की इस प्रजाति को हिल्स हॉर्सशू वैट के नाम से जाना जाता है। यह 1981 के बाद से नजर नहीं आया था। अब वैज्ञानिकों ने इसे निउंग्वे के नेशनल पार्क से खोज निकाला है। इस चमगादड़ के बड़े कानों के अलावा इसकी नाक घोड़े की नाल की तरह होती है। चमगादड़ की यह रहस्यमयी प्रजाति मूल रूप से रवांडा में पाई जाती है।

ब्राजील

हॉट एयर बैलून से बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

ब्राजील के एक शख्स राफेल जुग्नो ब्रिडी ने जमीन से

6,236 फीट ऊपर उड़ते गर्म हवा के दो गुब्बारों के बीच बंधी रस्सी पर चलते हुये गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। ब्रिडी ने ब्राजील के सांता कैटरीना में पिरया ग्रांडे के ऊपर एक इंच मोटी स्लैक लाइन नंगे पांव पार की।

लेबनान के

दिवालिया होने की घोषणा

लेबनान के उप-प्रधानमंत्री सादे चामी ने नकदी संकट से

जूझ रहे लेबनान के राज्य और केंद्रीय बैंक के दिवालियेपन की घोषणा की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ लेबनान और राज्य के दिवालिया होने से बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि लेबनान और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बीच देश में गहरे वित्तीय संकट से बाहर निकलने के लिये एक पैकेज पर प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिये बातचीत चल रही है।

एडम लिंडा फगन

अमेरिकी कोस्ट गार्ड की पहली महिला कमांडेंट होंगी

एडम लिंडा फगन अमेरिकी कोस्ट गार्ड की नई और

पहली महिला कमांडेंट होंगी। पिछले सप्ताह बाइडेन प्रशासन ने इसकी घोषणा की है। सीनेट की सदस्य सेन मारिया के मुताबिक नये कमांडेट के रूप में एडमिरल फगन की नियुक्ति से अमेरिकी सशस्त्र बलों में उच्च पदों पर महिलाओं के लिये संभावनाओं के नये द्वार खुलेंगे। फगन को सात महाद्वीपों पर कई सैन्य ऑपरेशन का अनुभव है। अभी वह वाइस कमांडेंट के पद पर सेवारत हैं।

कनाडा में

टेक कंपनियों को न्यूज कंटेंट के लिये चुकाने होंगे पैसे

गूगल, फेसबुक जैसी टेक कंपनियां कनाडा में आने वाले

समय में अपने प्लेटफॉर्म पर न्यूज कंटेंट मुफ्त में नहीं दिखा पाएंगी। कनाडा की सरकार वहां की संसद में एक बिल लाने की तैयारी कर रही है। इस विधेयक के कानून बनने पर इन टेक कंपनियों को स्थानीय न्यूज पब्लिशर्स का न्यूज कंटेंट इस्तेमाल करने के लिये उन्हें पैसे चुकाने होंगे। सरकार के इस कदम से स्थानीय मीडिया कंपनियों को मदद मिलेगी। ऑनलाइन विज्ञापन की कमाई सीधे सिलिकॉन वैली की इन कंपनियों के पास जा रही है।

स्मृति शेष

अभिनेता शिवकुमार सुब्रमण्यम का निधन

एक्टर और स्क्रीन राइटर शिवकुमार सुब्रमण्यम का



62 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पैंक्रियाज के कैंसर से ग्रसित थे। उन्होंने 2-स्टेट्स, रॉकी हैंडसम, हिचकी और नेल पॉलिश जैसी फिल्मों में अभिनय किया था। उन्होंने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत 1989 की हिट फिल्म परिंदा के स्क्रीन प्ले से की थी। फिल्म 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' के लिये बेस्ट स्टोरी का फिल्म फेयर अवॉर्ड उन्हें मिला था।

नाइजीरिया के फुटबॉलर चिबुजोर का निधन

मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग

जैसे शहर के बड़े क्लबों का 1980-90 के दशक में प्रतिनिधित्व करने वाले नाइजीरिया के पूर्व फुटबॉलर चिबुजोर नवाकनमा का 57 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। चिबुजोर बिग थ्री के लिये खेलने वाले शीर्ष शुरुआती विदेशी खिलाड़ियों में से एक थे।

उड़िया सिंगर प्रफुल्ल कर का निधन

उड़िया इंडस्ट्री के फेमस सिंगर, लेखक और

म्यूजिक डायरेक्टर पद्मश्री श्री प्रफुल्ल कर का भुवनेश्वर में 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनकी मृत्यु हार्ट अटैक से हुई है। प्रफुल्ल कर का जन्म 1939 में हुआ था। उन्होंने 60 से ज्यादा उड़िया फिल्मों और 4 बांग्ला फिल्मों में संगीत का निर्देशन किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कोरोना को मारने के तीन हथियार, हाथ धुलायी, मास्क और वैक्सीन का वार।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

हिन्दी साहित्य

1. अद्वैत वेदान्त का प्रचार किसने किया?
(A) शंकराचार्य
(B) महावीर स्वामी
(C) वल्लभाचार्य
(D) महात्मा बुद्ध
उत्तर- (A) शंकराचार्य

2. दिव्य प्रबन्धन किसके पदों का संकलन है?
(A) रामानन्द
(B) रामानुजाचार्य
(C) आलवार भक्त
(D) नयनभार भक्त
उत्तर- (C) आलवार भक्त

3. कबीर के गुरू का नाम क्या था?
(A) रैदास
(B) रामानुजाचार्य
(C) सन्त प्रेमानन्द
(D) रामानन्द
उत्तर- (D) रामानन्द

4. आलवार भक्तों के पद किस भाषा में है?
(A) तेलुगु (B) तमिल
(C) हिन्दी (D) कन्नड़
उत्तर- (B) तमिल

5. सखी सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन थे?
(A) मध्याचार्य
(B) स्वामी हरिदास
(C) विष्णु स्वामी
(D) निम्बकाचार्य
उत्तर- (B) स्वामी हरिदास

6. 'द्वैताद्वैत वाद' के प्रवर्तक आचार्य का क्या नाम है?
(A) विष्णु स्वामी
(B) निम्बकाचार्य
(C) वल्लभाचार्य
(D) मध्याचार्य
उत्तर- (B) निम्बकाचार्य

7. 'बीजक' में किस कवि की रचनाएं संकलित हैं?
(A) सूरदास (B) मलूकदास
(C) कबीरदास (D) रामानन्द
उत्तर- (C) कबीरदास

8. 'सुखमनी' के रचयिता कौन हैं?
(A) गुरू नानक देव
(B) गुरू अंगद देव
(C) गुरू अर्जुन देव
(D) गुरू अमरदास
उत्तर- (C) गुरू अर्जुन देव

9. साखी का मूल तत्सम शब्द क्या है?
(A) शिक्षा
(B) सखी
(C) साक्षी
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (C) साक्षी

10. नल-दमयंती आख्यान किस ग्रंथ में है?
(A) ऋग्वेद (B) महाभारत
(C) हरिवंशपुराण (D) रामायण
उत्तर- (B) महाभारत

11. अष्टछाप की स्थापना कब हुई थी?
(A) 1500 ई. (B) 1550 ई.
(C) 1565 ई. (D) 1600 ई.
उत्तर- (C) 1565 ई.

12. मीराबाई की भक्ति किस प्रकार की है?
(A) दास्य भाव (B) सख्य भाव
(C) माधुर्य भाव (D) पुष्टि भाव
उत्तर- (C) माधुर्य भाव

13. इनमें से अष्टछाप का कवि कौन है?
(A) ध्रुवदास
(B) नाभादास
(C) परमानन्ददास
(D) सूरदास मदन मोहन
उत्तर- (C) परमानन्ददास

14. रास पंचाध्यायी में किस छन्द का प्रयोग किया गया है?
(A) सवैया (B) पद
(C) दोहा (D) रोला
उत्तर- (D) रोला

15. 'सन्तन को कहा सीकरी सों काम' यह प्रसिद्ध पंक्ति किस कवि की है?
(A) सूरदास
(B) कुम्भनदास
(C) परमानन्ददास
(D) नन्ददास
उत्तर- (B) कुम्भनदास

16. भ्रमर गीत में कौन सा रस प्रमुख है?
(A) शान्त रस
(B) संयोग श्रृंगार
(C) वियोग श्रृंगार
(D) वात्सल्य
उत्तर- (B) वियोग श्रृंगार

17. सूरदास ने कृष्ण के किस रूप का चित्रण किया है?
(A) लोक रक्षक (B) योगेश्वर
(C) लोक रंजक (D) परम ब्रह्म
उत्तर- (A) लोक रंजक

18. राम कथा का प्राचीनतम ज्ञात स्रोत किस ग्रंथ में पाया जाता है?
(A) महाभारत (B) रामायण
(C) विष्णु पुराण (D) शिव पुराण
उत्तर- (B) रामायण

19. इनमें से स्वयं-भू द्वारा रचित राम कथा कौन सी है?
(A) पउम चरियम (B) पउम चरिउ
(C) महापुराण (D) रामचरितम्
उत्तर- (B) पउम चरिउ

20. रामचन्द्रिका के रचयिता का नाम बताइए?
(A) तुलसीदास (B) जयदेव
(C) केशवदास (D) रत्नाकर
उत्तर- (C) केशवदास

21. "गोद लिए हुलसी फिरै तुलसी सो सुत होय" यह पंक्ति किसकी है?
(A) सेनापति (B) रहीम
(C) टोडरमल (D) सूरदास
उत्तर- (B) रहीम

22. "केशव कहि न जाय का कहिए" पंक्ति किस कवि की है?
(A) केशवदास (B) सूरदास
(C) तुलसीदास (D) विद्यापति
उत्तर- (C) तुलसीदास

23. 'दूलह राम सीया दुलही री' यह पंक्ति तुलसीदास के किस काव्य की है?
(A) कवितावली
(B) गीतावली
(C) बरदै रामायण
(D) रामचरित मानस
उत्तर- (B) गीतावली

24. "अबलौं नसानी अब न नसैहौं" पंक्ति किस काव्य ग्रंथ की है?
(A) कवितावली
(B) गीतावली
(C) विनय पत्रिका
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (C) विनय पत्रिका

25. इनमें से तुलसीदास का समकालीन कवि कौन नहीं हैं?
(A) केशवदास (B) रहीम
(C) नाभादास (D) सूरदास
उत्तर- (A) केशवदास

26. "कलि कुटिल जीव निस्तार हित वाल्मीकि तुलसीमदौ" पंक्ति किस कवि की है?
(A) रसखान (B) नाभादास
(C) नन्ददास (D) मीराबाई
उत्तर- (B) नाभादास

27. "महात्मा बुद्ध' के बाद भारत के सबसे बड़े लोकनायक तुलसी थे" यह कथन किस विद्वान का है?
(A) जॉर्ज ग्रियर्सन
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) गार्सा द तामी
उत्तर- (A) जॉर्ज ग्रियर्सन

28. "प्रेम और श्रद्धा अर्थात पूज्य बुद्धि- दोनों के मेल से भक्ति की निष्पत्ति होती है" यह कथन किस आलोचक का है?
(A) डॉ. नागेन्द्र
(B) आचार्य रामचन्द्र शुल्क
(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) डॉ. रामकुमार वर्मा
उत्तर- (B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

29. गुरू मुखी लिपि में 'रामायण' की रचना किस कवि ने की है?
(A) प्राण चन्द्र चौहान
(B) हृदयराम
(C) कपूर चन्द्र त्रिखा
(D) माधवदास
उत्तर- (C) कपूर चन्द्र त्रिखा

30. जानकी मंगल किस भाषा में रचित काव्य ग्रंथ है?
(A) अवधी (B) ब्रज भाषा
(C) बुन्देली (D) खड़ी बोली
उत्तर- (A) अवधी

31. रीति काल को आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने क्या नाम दिया है?
(A) अलंकृत काल
(B) रीतिबद्ध काल
(C) मध्य काल
(D) श्रृंगार काल
उत्तर- (D) श्रृंगार काल

32. भाषा भूषण के रचयिता इनमें से कौन हैं?
(A) देव (B) ग्वाल
(C) जसवंत सिंह (D) मतिराम
उत्तर- (C) जसवंत सिंह

33. "नैन नचाय कही मुसकाय लला फिरि आइयो खेलन होरी" यह पंक्ति किस कवि की है?
(A) घनानन्द (B) मतिराम
(C) पद्माकर (D) सेनापति
उत्तर- (C) पद्माकर

34. "जनम ग्वालियर जानि में मथुरा वसि- ससुराल" यह पंक्ति किस कवि के विषय में है?
(A) केशव (B) बिहारी
(C) घनानन्द (D) पद्माकर
उत्तर- (B) बिहारी

35. जयपुर नरेश प्रताप साहि के दरबार में रहने का श्रेय किस कवि को मिला था?
(A) बिहारी (B) पद्माकर
(C) सेनापति (D) मतिराम
उत्तर- (B) पद्माकर

36. "कठिन काव्य का प्रेत" किस कवि को कहा जाता है?
(A) पद्माकर (B) घनानन्द
(C) केशव (D) भूषण
उत्तर- (C) केशव

37. "जदपि सुजाति सुलच्छनी, सुबरन सरल सुवृत" भूषण बिनु न विराजई कविता वनिता मित्य?
(A) केशवदास (B) बिहारीलाल
(C) मतिराम (D) ग्वालकवि
उत्तर- (A) केशवदास

38. "इत आवति चलि जात उत चली छः सातक हाय" यह पंक्ति किस कवि की है?
(A) घनानन्द (B) मतिराम
(C) बिहारी (D) देव
उत्तर- (C) बिहारी

39. "बनन में बागन में बगरयो बसन्त है" यह पंक्ति किस रीतिकालीन कवि की है?
(A) पद्माकर
(B) सेनापति
(C) ग्वाल कवि
(D) भिखारी दास
उत्तर- (A) पद्माकर

40. "अति सूधो सनेह को मारग है जहां नेकु सयानपन बांक नहीं" यह पंक्ति किस कवि की है?
(A) पद्माकर
(B) मतिराम
(C) ग्वाल
(D) घनानन्द
उत्तर- (D) घनानन्द

41. "यह प्रेम को पन्थ कराल महा तरवारि की धार पै धावनो है" इस पंक्ति के रचयिता कवि कौन हैं?
(A) घनानन्द
(B) बोधा
(C) आलम
(D) ठाकुर
उत्तर- (B) बोधा

42. "ऊंचे छोर मन्दर के अन्दर रहनवारी ऊंचे घोर मन्दर के अन्दर रहती है" यह पंक्ति किसकी है?
(A) पद्माकर (B) सूदन
(C) भूषण (D) चिन्तामणि
उत्तर- (C) भूषण

43. "बतरस लालच लाल की मुरली धरी लुकाय सौह करै भौहनु हंसे देन कहै नहि जात" में कौन-सा रस है?
(A) भक्ति रस (B) श्रृंगार रस
(C) करुण रस (D) हास्य रस
उत्तर- (B) श्रृंगार रस

44. "तुलसी गंग दुऔ भए सुकविन के सरदार" यह पंक्ति किस कवि की है?
(A) केशव दास (B) चिन्तामणि
(C) भिखारी दास (D) रहीम
उत्तर- (C) भिखारी दास

45. "अमिधा उत्तम काव्य है मध्य लक्षणाहीन" यह पंक्ति किस कवि की है?
(A) विहारी (B) ग्वाल
(C) देव (D) गोप
उत्तर- (C) देव

46. देव ने किस संचारी भाव की उद्भावना की है?
(A) हर्ष (B) अवहित्था
(C) ग्लानि (D) छल
उत्तर- (D) छल

47. "लोग है लागि कवित्त बनावत मोहि जो मेरे कवित्त बनावत" यह पंक्ति किस कवि की है?
(A) पद्माकर (B) सेनापति
(C) ठाकुर (D) घनानन्द
उत्तर- (D) घनानन्द

48. अष्ययाम किसकी रचना है?
(A) देव (B) मतिराम
(C) ग्वाल (D) गोप
उत्तर- (A) देव

49. भूषण के द्वारा रचित अलंकार ग्रन्थ का नाम बताइए?
(A) अलंकार चन्द्रोदय
(B) शिवराज भूषण
(C) भाषा भूषण
(D) तुलसी भूषण
उत्तर- (B) शिवराज भूषण

50. 'रस भूषण' नामक रीति ग्रंथ के रचयिता कौन हैं?
(A) रसखान (B) आलम
(C) याकूब खाँ (D) रसनिधि
उत्तर- (A) याकूब खाँ

डॉ. राममनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

प्रदेश में किसी भी स्थिति में दंगा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुये कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। प्रदेश में किसी भी स्थिति में शांति भंग नहीं होनी चाहिए, दंगा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगामी दिनों में आ रहे त्योहार निर्विघ्न संपन्न हों, यह हर हालत में सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने हनुमान जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों और जुलूसों के बेहतर प्रबंधन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जीवंत समाज में धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां होंगी। इनके व्यवस्थित, शांतिपूर्ण समन्वय एवं संचालन का दायित्व जिला प्रशासन का है। हमें सजग और सतर्क रहकर प्रदेश में कानून व्यवस्था के क्षेत्र में बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करना है। पवित्र संकल्प के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। चिन्हित अपराधियों पर कार्यवाही जारी रहे, संपूर्ण प्रदेश में चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

श्री चौहान ने कहा कि सुशासन, कानून व्यवस्था का आधार है। प्रदेश में कानून व्यवस्था के लिए थाना स्तर पर फोकस करें। मुख्यमंत्री ने थाना स्तर पर बीट व्यवस्था को सशक्त करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि थाना स्तर पर कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल को दायित्व सौंपकर उनकी नेतृत्व क्षमता का उपयोग करते हुए बीट व्यवस्था को सशक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने इंटेलिजेंस व्यवस्था को सशक्त करने की आवश्यकता बताते हुए मजबूत इंटेलिजेंस के लिए कार्य-योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने दंगा, भीड़ नियंत्रण एवं प्रबंधन पर ट्रेनिंग की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार या अन्य राज्यों के प्रभावी मॉडलों का अध्ययन किया जाए। इस क्षेत्र में आई नई तकनीक को भी प्रदेश में प्रायोगिक तौर पर लागू किया जा सकता है। श्री चौहान ने कहा कि धार्मिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए संबंधितों को प्रोत्साहित किया जाए। यह अपराध नियंत्रण में सहायक हैं। इनसे असामाजिक तत्वों तथा अन्य गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण होगा।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में दंगाई और माफिया छोड़े नहीं जाएंगे। अवैध कब्जों से भूमि मुक्त कराने और अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। इस अभियान में पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया और दबंगों से 21 हजार एकड़ जमीन मुक्त कराई गई है। मुक्त कराई गई भूमि, गरीबों को आवास के लिए उपलब्ध कराना है। इसकी कार्ययोजना विकसित करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने शरारती तत्वों तथा अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों को मदद और संरक्षण देने वाले लोगों को चिन्हित करने के भी निर्देश दिए। श्री चौहान ने कहा कि अपराधियों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ना आवश्यक है। अवैध शराब पर भी हमें हमला बोलना होगा। कमीशन के नेटवर्क को ध्वस्त करना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि थानों तथा मैदानी स्तर पर पर्याप्त अमले की उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिए मंत्रीगण को दी जाने वाली सलामी बंद की गई थी। इसी प्रकार घरों की गुलामी को बंद किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के बंगलों पर नियम विरुद्ध पदस्थ पुलिसकर्मियों को बंगलों से हटाकर थानों में लगाया जाएगा। उनकी सेवाएं मैदानी स्तर के आवश्यक कार्यों में ली जाएंगी।

श्री चौहान ने कहा कि अधिकारी अपने जिले और प्रभार के क्षेत्र में आवश्यक रूप से भ्रमण करें तथा जनता से जीवंत संवाद रखें।

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question Nos. 1 to 5)

1. Raju is ..... kindest person I have ever met.
a) a b) an
c) the d) no article

2. Raju found ..... purse on his way back home.
a) a b) an
c) the d) no article

3. ..... newborn baby sleeps most of the time.
a) a b) an
c) the d) No article

4. The earlier he starts reading, ... better it is.
a) a b) an
c) the d) no article

5. Everyone wants ..... happiness.
a) a b) an
c) the d) no article

Fill the blank spaces with suitable prepositions. (Question No. 6 to 12)

6. We have been waiting for him ..... more than an hour.
a) in b) within
c) since d) for

7. Geeta fetched water ..... the lake.
a) to b) by
c) in d) from

8. Geeta is a good singer ..... the two sisters.
a) off b) from
c) between d) among

9. Let's go to Pune ..... bus.
a) of b) onto
c) by d) in

10. Sarita cut vegetables ..... a knife.
a) by b) for
c) to d) with

11. They played a joke ..... him.
a) by b) of
c) to d) on

12. I prefer lassi ..... tea in summer.
a) from b) than
c) on d) to

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question Nos. 13 to 18)

13. Raman never ..... wine.
a) has been drinking
b) drunk
c) is drinking
d) drinks

14. I ..... a fine art school next year.
a) am joining
b) have joined
c) join
d) will join

15. He ..... his house last month.
a) would have sold
b) sold
c) had sold
d) has sold

16. I ..... the Taj Mahal earlier and went only to keep my wife happy.
a) seen b) saw
c) have seen d) had seen

17. Fortune ..... like a wheel.
a) is turning
b) turns
c) has turned
d) was turned

18. They ..... on this project for two years.
a) work
b) have been working
c) had worked
d) are working

Change the Voice. (Question Nos. 19 to 25)

19. The government provided food and shelter free to the underprivileged.
a) The underprivileged free food and shelter by the government.
b) The underprivileged provided food and shelter free to the government.
c) The underprivileged were provided food and shelter free by the government.
d) The government was provided free food and shelter by the underprivileged.

20. The technology has changed the human life.
a) The human life changes by the technology.
b) The human life has changed by the technology.
c) The human life has been changed by the technology.
d) The human had changed by the technology.

21. We can manage this issue easily.
a) Easily can be managed this issue (by us).
b) This issue can be managed easily (by us).
c) We can be managed easily by this issue.
d) It can be managed easily by us.

22. They believed that the patient was safe.
a) The patient was safe was believed.
b) It was believed that the patient was safe.
c) It was believed patient that it was safe.
d) The patient was safe and it believed.

23. The judge will ask you many questions.
a) You would be asked many questions by the judge.
b) You will be asked many questions by the judge.
c) Many questions will ask the judge by you.
d) Many questions would be asked by the judge.

24. Close the matter.
a) The matter must be closed.
b) You must close the matter.
c) Let the matter be closed.
d) You should close the matter.

25. You are requested to place the order on time.
a) You should place the order on time.
b) You must place the order on time.
c) Let the order be placed on time.
d) Place the order on time please.

Idioms and phrases. (Question Nos. 26 to 30)

26. On cloud nine.
a) Dreaming something that is impossible.
b) Being unhappy always.
c) Being very happy.
d) The skill of flying on clouds.

27. Keep an ear to the ground.
a) Remain aloof from new and updated information.
b) Stay informed and updated about everything.
c) Listen carefully and patiently.
d) Listen something by hiding oneself.

28. To make a mess of
a) To manage carefully.
b) To manage nicely.
c) To manage badly
d) To organize something good.

29. To look after
a) Looking for something
b) To take care of
c) Don't care for anything.
d) To look down upon.

30. To leave no stone unturned.
a) To try in every possible way.
b) Turning the stones for searching something.
c) To make no efforts.
d) To manage things easily.

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question Nos. 31 to 35)

31. Futility
a) Uselessness
b) Vigorous
c) Utility
d) Vainness

32. Fake
a) Counterfeit
b) Genuine
c) Phony
d) False

33. Modest
a) Meek b) Arrogant
c) Humble d) Petty

34. Pamper
a) Disparage b) Coddle
c) Indulge d) Humane

35. Steep
a) Vertical b) Sharp
c) Abrupt d) Flat

Synonym (Question No. 36 to 40)

36. Peril
a) Security b) Defense
c) Evidence d) Hazard

37. Ecstasy
a) Regret b) Soggy
c) Sorrow d) Delight

38. Pinnacle
a) Lowest point
b) Nadir
c) Acme
d) Pits

39. Laud
a) Denigrate b) Refrain
c) Praise d) Desist

40. Ponder
a) Exotic b) Unusual
c) Disown d) Think

One word substitutions. (Question Nos. 41 to 45)

41. Words inscribed on a tomb.
a) Text b) Epilogue
c) Prologue d) Epitaph

42. A person who has strange habits.
a) King b) Eccentric
c) Hermit d) Diplomat

43. Animals that eat flesh.
a) Wild
b) Omnivorous
c) Carnivorous
d) Herbivorous

44. The killing of a race.
a) Genocide b) Homicide
c) Suicide d) Murder

45. Sending goods to another country for commercial purpose.
a) Trade b) Deal
c) Export d) Import

In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Question Nos. 46 to 50)

46. a) Pneumonia
b) Neumonia
c) Pnemonia
d) Pnewmonia

47. a) Apperel b) Apparal
c) Apparel d) Aparrel

48. a) Bouque b) Buquet
c) Buoquet d) Bouquet

49. a) Commissioner
b) Commisioner
c) Commisnor
d) Commissionar

50. a) Dicatator b) Dictator
c) Dectator d) Dectater

Answers

1. c, 2. a, 3. c, 4. c, 5. d, 6. d, 7. d
8. c, 9. c, 10. d, 11. d, 12. d, 13. d
14. d, 15. b, 16. d, 17. b, 18. b
19. c, 20. c, 21. b, 22. b, 23. b, 24. c
25. d, 26. c, 27. b, 28. c, 29. b
30. a, 31. c, 32. b, 33. b, 34. a
35. d, 36. d, 37. d, 38. c, 39. c
40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. a
45. c, 46. a, 47. c, 48. d, 49. a, 50. b

Explanation

1. Article 'the' is used before superlative adjective in sentence.
3. Noun in singular number if represent a whole class, article 'the' is placed before that noun.
4. Article 'the' is used in parallel construction in comparative degree hence article 'the' is appropriate in blank space.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

गरीब का अन्न, गरीब के घर पहुंचे

भिण्ड, शासन की योजनाओं का जिले में व्यवस्थित क्रियान्वयन हो और उनका लाभ आमजन को सुगम रूप से मिलना, सुनिश्चित किया जाये। गरीब का हक, गरीब को मिले, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। गरीब का हक मारने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भिण्ड जिले की लहार तहसील स्थित रावतपुरा में अधिकारियों की बैठक में दिये। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, कमिश्नर ग्वालियर-चंबल श्री आशीष सक्सेना, एडीजी चंबल श्री राजेश चावला, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक श्री शैलेंद्र सिंह चौहान सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि राशन वितरण व्यवस्था दुरुस्त करें, गरीब का अन्न गरीब के घर पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाये। राशन वितरण में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हो। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में सर्वे कर पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलायें। कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। योजना के पात्र हितग्राहियों की सूची पंचायतों एवं नगर पालिका में चस्पा भी की जाये। योजना में लापरवाही या पैसे मांगने संबंधी शिकायतों में संबंधित के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करें।

श्री चौहान ने कहा कि जिले में अमृत तालाब योजना में 15 जून तक दिये गये लक्ष्य के अनुरूप तालाबों का निर्माण करें, जिससे इन तालाबों में वर्षा जल-संचयन हो सके। मुख्यमंत्री ने जिले में लाड़ली लक्ष्मी बेटियों की जानकारी ली और आगामी 2 से 11 मई तक होने वाले लाड़ली लक्ष्मी उत्सव को उत्साहपूर्वक मनाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्या विवाह योजना पुनः नये स्वरूप में प्रारंभ हो रही है। जिले के सभी ब्लॉक में कन्या विवाह के सामूहिक कार्यक्रम किये जायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले से कुपोषण को जड़ से मिटाकर प्रदेश का पहला कुपोषण मुक्त जिला बनाना है। उन्होंने कलेक्टर को निर्देश दिए कि इसके लिए प्रभावी योजना बनाकर तेजी से कार्य करें। श्री चौहान ने कहा कि जिन्होंने आंगनवाड़ी गोद ली है, वे नियमित आंगनवाड़ी जाकर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर करने में अपना सहयोग दें। श्री चौहान ने अपने ग्राम-अपने शहर का गौरव दिवस उत्साह के साथ मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गौरव दिवस के कार्यक्रमों में सभी की सहभागिता हो, जिससे स्थानीय लोग अपने ग्राम एवं शहर के गौरव को याद करें। उन्होंने कहा कि इस उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर सद्भाव एवं समरसता का माहौल बनायें।

मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग सलाहकार मण्डल पुनर्गठित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग सलाहकार मण्डल का पुनर्गठन किया गया है। मण्डल का पुनर्गठन निम्नानुसार किया गया है। सलाहकार मण्डल में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अध्यक्ष और पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल उपाध्यक्ष होंगे।

सलाहकार मण्डल में विधायक श्रीमती नीना वर्मा तथा विधायक सर्वश्री अजय विश्नोई, सुखदेव पांसे, लाखन सिंह यादव, रामलल्लू वैश्य, संदीप जायसवाल, प्रेमशंकर वर्मा, सुदेश राय, देवीलाल धाकड़, राहुल लोधी, प्रहलाद लोधी, शिशुपाल यादव, विजय रेवानाथ चौरे, सिद्धार्थ कुशवाहा और सचिन बिरला सदस्य हैं। इसी तरह सलाहकार मण्डल में अशासकीय सदस्य के रूप में सुश्री कविता पाटीदार तथा सर्वश्री संजय राय दमोह, प्रभुदयाल पटेल सागर, नंदराम बघेल भिण्ड, माधवसिंह दांगी, महेन्द्र यादव ग्वालियर, जमुना सेन रायसेन, सतीश विश्वकर्मा भोपाल, चन्द्रशेखर देशमुख बैतूल, मेघ सिंह गुर्जर दतिया, जवाहर सिंह रावत, सुरेन्द्र सांखला उज्जैन, डॉ. बी.पी. पटेल शहडोल, डॉ. भागीरथ कुमरावत खरगोन और अमर सिंह पंवार को शामिल किया गया है।

मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन, प्रमुख सचिव वित्त, प्रमुख सचिव योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी, प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण और आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सलाहकार मण्डल में शासकीय सदस्य रहेंगे।

सलाहकार मण्डल में मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग भोपाल के अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग भोपाल और मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम भोपाल के अध्यक्ष को मनोनीत सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

Objective Questions for MPPSC AE/MPPEB JE

Civil Engineering

1. Geosynthetics is used in pavement construction for :
(a) Reinforcement
(b) Drainage and filtration
(c) Separation
(d) All of the above
Ans- (d) All of the above
Solution : Geosynthetics is used in pavement construction design to address the functions of seperation, filtration lateral drainage, sealing and reinforcement.

2. A process of transporting material from one place to another over a stationary structure in a continuous stream is known as :
(a) Hauling
(b) Conveying
(c) Hoisting
(d) Transporting
Ans- (b) Conveying
Solution : Conveying refers to transporting materials from one place to another in continuous steam.

3. The major cementing compound present in OPC is:
(a) Tri - Calcium silicate
(b) Tri - calcium aluminate
(c) Tetra - calcium alumino ferrite
(d) Di - calcium silicate
Ans- (a) Tri - Calcium silicate
Solution : Composition of OPC
(1) Tri - calcium silicate-40%
(2) Di - calcium silicate-32%
(3) Tri - calcium aluminates (C_3A) = 10.5%
(4) Tetra calcium alumino ferrite (C_4AF) = 9%

4. A deep cut of 7 m has to be made in clay with unit weight of 16 KN/m³ and a cohesion of 25 KN/m². The stability number is 0.178. The factor of safety will be :
(a) 2 (b) 1.25
(c) 1.50 (d) 3
Ans- (b) 1.25
Solution : $Y = 16\ KN/m^3$
$c = 25\ KM/m^2$
$S_n = 0.178$
$H = 7m$

$$S_n = \frac{C}{YHF_c} \Rightarrow F_c = \frac{C}{YHS_n}$$

$$F_c = \frac{25}{16\times 0.178\times 7} = 1.25$$

5. COD/BOD ratio of fresh water is :
(a) equal to 1
(b) more than 1
(c) less than 1
(d) None of these
Ans- (a) equal to 1
Solution : This ratio is generally greater than 1, but can be equal to 1 if sample has only degradable organics.
For fresh water, as both BOD and COD should be negligible, hence the ratio can be equal to 1.

6. For sewage disposal in a water body without any treatment, the minimum available dilution level should be 1 in :
(a) 150 (b) 200
(c) 350 (d) 500
Ans- (d) 500
Solution : Minimum available dilution for sewage disposal without treatment is 1 in 500.

7. The distribution factor is :
(a) Ratio of stiffness of joint and member
(b) Ratio of stiffness of member and member
(c) Ratio of stiffness of near joint and far joint
(d) Ratio of stiffness of member and joint (sum of member stiffness)
Ans- (d) Ratio of stiffness of member and joint (sum of member stiffness)
Solution : Distribution factor (DF)

$$= \frac{\text{Stiffness of a member}}{\text{total stiffness of all member at joint}}$$

8. As per IS : 800 the minimum number of riverts used for attaching the lug angle to the gusset or other supporting member is :
(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 8
Ans- (a) 2
Solution : As per IS : 800 the minimum number of riverts used for attaching the lug angle to the gusset or other supporting member is 2.

9. The most economical section for a steel column is:
(a) Tubular section
(b) solid section
(c) I section
(d) Rectangular section
Ans- (a) Tubular section
Solution : Tubular section> I-section>Rectangular section> Solid section

10. The shape factor of Rectangular section is :
(a) 2 (b) 2.34
(c) 1.5 (d) 1.1
Ans- (c) 1.5
Soluction : Shape factor

$$= \frac{\text{Plastic section modulus}}{\text{Elastic section modulus}}$$

some shape and shape factor's
(1) Rectangular - 1.5
(2) Circular - 1.7
(3) Rhombus - 2
(4) Triangular - 2.343
(5) I-section - 1.1-1.2

11. A rectangular beam width b=200mm and effective depth d=300mm is subjected to limit state shear of 80 KN and torsional moment of 6 KNm. The equivalent value of shear will be :
(a) 110 KN (b) 115 KN
(c) 128 KN (d) 100 KN
Ans- (c) 128 KN
Solution : Given,
V_u = 80 KN
T_u = 6KN/m
b = 200mm
d = 300mm
Equivalent shear force,

$$V_e = V_u + 1.6\frac{T_u}{b}$$

$$V_e = 80 + \frac{1.6\times 6}{0.2}$$

$Ve = 80+48 \Rightarrow Ve = 128\ KN$

12. In last three decades, the population of a city was recorded as 20000, 30000 and 40000. What will be the population for which a water supply system should be designed, if it should be adequate for next two decades?
(a) 60000 (b) 40000
(c) 70000 (d) 50000
Ans- (a) 60000
Solution : Average increase per decades

$$P = \frac{10000+10000}{2} = 10000$$

No. of decay (n) = 2
Present population P = 40,000
Population after 2 decay
$P_n = P+nc$
$\Rightarrow 40000+2\times 10000$
= 60000

13. If a sewer carrying a discharge of 3 cumec outfalls into a river having a discharge of 10 cumec and Do equal to 9.1 mg/L, the resultant Do of the mix is :
(a) 5 mg/L (b) 4 mg/L
(c) 7 mg/L (d) 9 mg/L
Ans- (c) 7 mg/L
Solution :
BOD mix

$$= \frac{Q_w\times BOD_w + Q_s\times BOD_s}{Q_w+Q_s}$$

$$= \frac{10\times 9.1+3\times 0}{10+3}$$

BOD mix = 7mg/L

14. In stability analysis of slopes, factor of safety with respect to height is given by :
(a) $F_H = \frac{H}{H_C}$ (b) $F_H = \frac{H_C}{2H_C}$
(c) $F_H = \frac{H_C}{H}$ (d) $F_H = \frac{2H_C}{H}$
Ans- (c) $\mathbf{F_H = \frac{H_C}{H}}$
Solution : In stability analysis of slopes, factor of safety with respect to height is given by

$$F_H = \frac{H_C}{H}$$

H_C = Critical height
H = actual height

15. An aggregate is said to be flaky; if its least dimesion is less than :
(a) 3/5 of mean dimension
(b) 2/5 of mean dimension
(c) 5/9 of mean dimension
(d) 1/5 of mean dimension
Ans- (a) 3/5 of mean dimension
Solution : The least lateral dimension of flaky aggregate (thickness) should be less than 0.6 fimes the mean dimension or 3/5 of mean dimension. Flaky aggregate generally orient in one plane with water and air voids underneath.

16. The working conditions in Imhoff tanks are :
(a) Anaerobic only
(b) Aerobic only
(c) Aerobic in lower and anaerobic in upper compartment
(d) Anaerobic in lower and aerobic in upper compartment
Ans- (d) Anaerobic in lower and aerobic in upper compartment
Solution : An Imhoff tank is an improvement over septic tank, in which the incoming sewage is not allowed to get mixed up with the sludge produced, and the amount of organic load as in the case of a septic tank. An imhoff tank is, infact, at two storeyed tank. They are sometimes also known as two-storey Digestion tanks.

17. A beam of rectangular cross-section is 100mm wide and 200mm deep. If the section is subjected to a shear force of 20KN, then the maximum shear stress in the section is:
(a) 1.5 N/mm² (b) 1.6 N/mm²
(c) 1.8 N/mm² (d) 1 N/mm²
Ans- (a) 1.5 N/mm²
Solution : $S = 20KN = 20\times 10^3 N$

$$T\max = \frac{3}{2}T\text{avg}$$

$$T\max = \frac{3S}{2bd}$$

$$= \frac{3}{2}\left(\frac{20\times 10^3}{100\times 200}\right)$$

T max = 1.5 N/mm²

18. Widely used factor of safety is the ratio of :
(a) Ultimate stress to Allowable stress
(b) Ultimate stress to Ultimate load
(c) Allowable load to Allowable stress
(d) Allowable stress to Allowable load
Ans- (a) Ultimate stress to Allowable stress
Solution : Widely used factor of safety is the ratio of Ultimate stress to Allowable stress.

$$\text{Factor of Safety} = \frac{\text{Ultimate Stress}}{\text{Working Stress}}$$

19. The flexural craking stength of concrete having cube compressive strength of 25 MP_a is:
(a) 5 MP_a (b) 3.5 MP_a
(c) 4.5 MP_a (d) 5.5 MP_a
Ans- (b) 3.5 MP_a
Solution : Flexural cracking strength of concrete is

$$= 0.7\sqrt{F_{ck}} = 0.7\sqrt{25}$$

$= 3.5\ MP_a$

20. The minimum area of tension reinforcement required in a rectangular beam section 200mm × 400mm if fe 415 steel is used at 25mm effective cover :
(a) 160 mm² (b) 154 mm²
(c) 150 mm² (d) 165 mm²
Ans- (b) 154 mm²
Solution : Minimum area of steel required

$$= \frac{0.85\,bd}{1y} \Rightarrow \frac{0.85\times 200\times 375}{415}$$

Ast = 154mm²

21. The value of demolished material is known as :
(a) Scrap Value
(b) Resultant Value
(c) Book Value
(d) Salvage Value
Ans- (d) Salvage Value

22. Amount of annual installment of the sinking fund :
(a) $I = \frac{Si}{(1+i)^2-1}$
(b) $I = \frac{Si}{1-(1+i)^n}$
(c) $I = \frac{Si}{1+(1+i)^n}$
(d) $I = \frac{Si}{1-(1-i)^n}$
Ans- (a) $\mathbf{I = \frac{Si}{(1+i)^2-1}}$
Solution : Amount of annual installment

$$I = \frac{Si}{(1+i)^n-1}$$

S = sinking fund
n = year
i = rate of interest

23. The standard deviation of the time of completion of an activity is given by :
(a) $\frac{t_p-t_o}{3}$ (b) $=\frac{t_p-t_o}{6}$
(c) $\frac{t_p-t_o}{2}$ (d) $\frac{t_p-t_o}{5}$
Ans- (b) $\mathbf{\frac{t_p-t_o}{6}}$
Solution : Standard deviation

$$= \frac{t_p-t_o}{6}$$

Where t_p = Pessimistic time
t_o = Optimistic time

$$\text{Variance} = \left(\frac{t_p-t_o}{2}\right)^2$$

Variance is measure of uncertainty, greater the variance greater will be uncertainty.

24. In concrete flooring, the sand cushion on earthen surface should be provided in thickness of about :
(a) 10 cm (b) 12 cm
(c) 17 cm (d) 15 cm
Ans- (a) 10 cm
Solution : In concrete flooring, the sand cushion on earthen surface should be provided in thickness of about 10 cm.

25. Match the following given lists and choose the correct answer from the options given bellow the list :
List I (Actual beam)
(A) Curvature
(B) Deflection
(C) Slope
List II (Conjugate beam)
(1) Shear
(2) Load
(3) Moment
(a) A-2, B-3, C-1
(b) A-3, B-1, C-2
(c) A-1, B-3, C-2
(d) A-2, B-1, C-3
Ans- (a) A-2, B-3, C-1
Solution :

Actual beam	Conjugate beam
(1) Slope	Shear
(2) Curvature	Load
(3) Deflection	Moment

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

जल जीवन मिशन से करीब 49 लाख ग्रामीण परिवारों के घर पहुंचा नल से जल

भोपाल, जल जीवन मिशन में प्रदेश के सभी ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने के लिए जल-प्रदाय योजनाओं के कार्य जारी हैं। अब तक 48 लाख 94 हजार 774 ग्रामीण परिवारों तक नल से जल मुहैया करवाया जा चुका है। मिशन में ग्रामीण क्षेत्र में संचालित स्कूल और आंगनवाड़ी में भी नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के 69 हजार 984 स्कूल और 40 हजार 680 आंगनवाड़ी केंद्रों में जल पहुंचाया जा चुका है, जो लक्षित संख्या का लगभग 60 प्रतिशत है।

मिशन में जलप्रदाय योजनाओं को पूरा कर 4 हजार 325 ग्रामों के शत-प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन से जल की सुविधा दी गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम प्रदेश में विभिन्न जल संरचनाओं पर निरंतर कार्य कर रहे हैं, जिससे शत-प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक जल पहुंचाना संभव हो सके। प्रदेश में ग्रामीण आबादी के आकलन के अनुसार एक करोड़ 22 लाख ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य है, इनमें 40 प्रतिशत से ऊपर लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है।

प्रदेश के 35 हजार 684 ग्राम के हर घर में नल से जलप्रदाय करने के लिए निरंतर कार्य जारी है। इनमें 3537 ग्राम की जलप्रदाय योजनाओं की 90 प्रतिशत, 2141 ग्रामों की 80, 1777 ग्राम की 70 और 28 हजार 229 ग्राम की प्रगति 60 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

बेहतर स्वास्थ्य के साथ 'आयुष्मान' बनता देश और मध्यप्रदेश

स्वस्थ शरीर सुखी जीवन का आधार होता है, यह कहावत समाज में स्वास्थ्य के महत्व को दर्शाती है कि अगर जीवन में धन की हानि हो गई तो वो फिर भी आ सकता है, लेकिन अगर स्वास्थ्य खराब हो गया तो सब कुछ चला जाता है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन का आनंद लेने के साथ सामाजिक एवं पारिवारिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक कर सकता है और एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 14 अप्रैल, 2018 को भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए आयुष्मान भारत योजना-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) की शुरुआत की थी। पीएम जन आरोग्य योजना को आयुष्मान भारत योजना के तहत शुरू किया गया है। इस योजना के तहत प्रति वर्ष प्रत्येक परिवार को 5 लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा की बात की गई है, इससे 50 करोड़ से अधिक लोगों को फायदा होगा और यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए शुरू की गयी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश और प्रदेशवासियों के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जिसे आयुष्मान भारत के नाम से भी जाना जाता है, का लाभ समाज के गरीब वर्ग को भरपूर मिल रहा है।

देशभर में प्रदान किए गए 17 करोड़ से ज्यादा आयुष्मान कार्ड

2011 की जनगणना के अनुसार जिन लोगों का नाम आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सूची में शामिल है, उनको इस योजना का लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार अब घर-घर जाकर उन लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रदान कर रही है। इस योजना का उद्देश्य ही आर्थिक रूप से कमजोर लोगों यानि BPL धारक को स्वास्थ्य वीमा मुहैया कराना है। आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई के तहत अब तक 17 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं। इस योजना के तहत अगले एक साल में 30 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड देने का लक्ष्य रखा गया है। यह कार्ड निःशुल्क है, लेकिन प्रिंटिंग कीमत 20 रुपये देनी होती है। देश की इतनी बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना से अब तक लाखों लोग लाभान्वित हो चुके हैं। गरीब लोग भी कैंसर, हृदय रोग से संबंधित कई गंभीर बीमारियों का इलाज निजी अस्पतालों में करवा रहे हैं। इस योजना के तहत 1,600 से ज्यादा बीमारियों का इलाज निःशुल्क किया जा रहा है। इस कार्ड के द्वारा चयनित अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का इलाज कराया जा सकता है। योजना में 5 लाख की राशि में सभी जांच, दवा, अस्पताल में भर्ती के खर्च आदि भी शामिल है।

आयुष्मान भारत के तहत देशभर में 25,800 से ज्यादा सरकारी और निजी अस्पतालों को जोड़ा गया है। इनमें से 10,700 से ज्यादा निजी अस्पताल हैं और 15,100 से ज्यादा सरकारी अस्पताल हैं। इस योजना के लाभार्थी गंभीर बीमारियों का इलाज करवाने के लिए किसी भी सूचीबद्ध निजी अस्पताल में अपना इलाज करवा सकते हैं। यह बिलकुल निःशुल्क है। देश में 10,700 से अधिक निजी अस्पताल के नाम जानने के लिए आयुष्मान भारत की वेबसाइट पर जा सकते हैं। पिछले एक साल में 5 करोड़ लोगों का स्वास्थ्य कार्ड बना कर दिया गया है। देश के कोने-कोने से लोगों ने इस योजना का लाभ उठाया है। आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी निजी अस्पताल में जाकर कैशलेस इलाज की सुविधा ले रहे हैं। चूंकि पांच सालों में 50 करोड़ लोगों को इस योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है, इसलिए इसमें तेजी लाने के लिए योजनाएं बनाई गईं हैं। आने वाले एक साल में तकरीबन 47 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड दे दिया जाएगा।

आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना पर केंद्र सरकार 60 प्रतिशत खर्च का भुगतान करती है और राज्यों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत की है। 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने इसे लागू कर दिया है।

मध्यप्रदेश में दिए गए 2 करोड़ 68 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड

मध्यप्रदेश में 2 करोड़ 68 लाख से अधिक पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं। प्रदेश में इस समय आयुष्मान भारत योजना में 1000 चिकित्सालय सम्बद्ध हैं, जिसमें 527 निजी चिकित्सालय, 473 शासकीय चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। इस योजना में अभी तक लगभग 13 लाख से अधिक मरीजों का इलाज किया गया है।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2020 को लाल किले की प्राचीर से देश के लिये नेशनल हेल्थ डिजिटल मिशन का ऐलान किया था। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकार के प्रमुख कार्यक्रम आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को देश में लागू करने की मंजूरी दे दी है। इस मिशन के अंतर्गत नागरिकों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता खोलने में मदद मिलेगी। हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने 1,600 करोड़ रुपये के साथ 5 साल के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन को मंजूरी दी। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत, नागरिक अपना आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता नम्बर बना सकेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए), आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की कार्यान्वयन एजेंसी है।

एक जगह मिलेगी सब जानकारी

अक्सर जब हम इलाज कराने जाते हैं, तो बीमारी की हिस्ट्री भूल जाते हैं या बीमारी से जुड़ी भारी-भरकम पुरानी जांच रिपोर्ट एक जगह से दूसरे जगह ले जाने में छूट जाते हैं या फिर खो देते हैं। डिजिटल हेल्थ कार्ड होने से इस तरह की जुड़ी तमाम समस्याएं खत्म हो जाएंगी। इस कार्ड से मरीज और डॉक्टर दोनों को फायदा होगा। आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ कार्ड आधार कार्ड की तरह है। जिस तरह आधार कार्ड किसी भी तरह के वेरिफिकेशन के लिए एक डॉक्यूमेंट की तरह काम करता है, उसी तरह आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड में भी नागरिक की पूरी मेडिकल हिस्ट्री मौजूद रहेगी। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत, नागरिक अपना आभा (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता) नंबर बना सकेंगे, जिससे उनके डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को जोड़ा जा सकेगा। यह विभिन्न स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में व्यक्तियों के लिए विस्तृत स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनाने में सक्षम होगा और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं द्वारा नैदानिक निर्णय लेने को बेहतर बनाएगा। डिजिटल हेल्थ कार्ड में 14 अंकों का नंबर दिया जाएगा। जिसमें उनके हेल्थ का पूरा रिकॉर्ड होगा। खास बात यह है कि आज के समय में टेलीमेडिसिन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके आने से टेलीकंसल्टेशन के दौरान केवल बताना होगा कि क्या परेशानी है, बाकी डॉक्टर उस आईडी से अपने सिस्टम पर देख सकेंगे। डॉक्टर के पास मरीज के बारे में क्लिनिकल स्टडी करने का मौका भी रहेगा।

कैसे बनेगी हेल्थ आईडी

आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाना अब आसान हो चुका है। आप खुद भी हेल्थ आईडी बना सकते हैं। आरोग्य सेतु एप का उपयोग करके आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता बनाया जा सकता है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की नोडल एजेंसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने दोनों के इंटीग्रेशन का ऐलान किया है। लगभग 21.4 करोड़ लोग आरोग्य सेतु एप का प्रयोग कर रहे हैं, जो अपना आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट नंबर जनरेट कर सकेंगे। यह नंबर 14 अंकों का बनेगा। उपयोगकर्ता अपने पुराने और नए मेडिकल रिकॉर्ड को इस नंबर से लिंक कर सकते हैं। यह सभी रिकॉर्ड रजिस्टर्ड हेल्थ प्रोफेशनल एवं हेल्थ सर्विस प्रोवाइडर के साथ शेयर किए जाएंगे। डिजिटल हेल्थ कार्ड बनाने के लिए रजिस्ट्रेशन के दौरान यूजर अपने आधार नंबर के जरिए प्रमाणित कर सकता है। इससे नाम, जन्मतिथि, लिंग व पता जैसी जानकारी अपने आप जुड़ जाएगी। आधार के अलावा ड्राइविंग लाइसेंस या मोबाइल नंबर के जरिए भी बनवा सकते हैं।

मरीज की अनुमति से ही देख सकेंगे हेल्थ कार्ड

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत बनने वाले हेल्थ कार्ड के डेटा को सुरक्षित रखने का भी प्रावधान रखा गया है। हेल्थ कार्ड को विना मरीज की अनुमति के एक्सेस नहीं किया जा सकेगा, क्योंकि जिस भी डॉक्टर के पास जाएंगे आपको पूरी मेडिकल हिस्ट्री बताने के लिए अपनी यह आईडी बतानी होगी। लेकिन हेल्थ केयर सेंटर या डॉक्टर को जानकारी एक्सेस करने के लिए ओटीपी की जरूरत होगी। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट कार्ड को डाउनलोड भी किया जा सकता है। कार्ड में एक क्यू-आर कोड होता है, जिसे स्कैन करके ओटीपी वेरीफिकेशन के बाद रिकॉर्ड देखा जा सकता है।

अब पूरे देश के अस्पतालों के डिजिटल हेल्थ सॉल्यूशंस को एक दूसरे से कनेक्ट करने का काम आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन कर रहा है। इसके तहत देशवासियों को अब एक डिजिटल हेल्थ आईडी दी जाएगी। हर नागरिक का हेल्थ रिकॉर्ड भी डिजिटली सुरक्षित रहेगा। यही नहीं, इसमें डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिक्स जैसे साथियों का भी रजिस्ट्रेशन होगा। देश के जो अस्पताल हैं, क्लीनिक हैं, लैब्स हैं, दवा की दुकानें हैं, ये सभी भी रजिस्टर होंगी।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिये

हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध है 'भील जनजाति का घर' झाबुआ

झाबुआ, मध्यप्रदेश का एक जिला है। इसका मुख्यालय झाबुआ है। पश्चिमी क्षेत्र में स्थित इंदौर संभाग का यह जिला गुजरात के दाहोद, राजस्थान के बांसवाड़ा और मध्यप्रदेश के धार, अलीराजपुर व रतलाम जिलों से घिरा है। 16वीं शताब्दी में स्थापित यह झाबुआ शहर बहादुर सागर झील के किनारे बसा हुआ है। यहां मुख्य रूप से भील और भिलाला जनजातियां रहती हैं। इंदौर से लगभग 150 किलोमीटर दूर स्थित यह जिला आदिवासी हस्तशिल्प खासकर बांस से बनी वस्तुओं के लिए प्रसिद्ध है। अनास यहां से बहने वाली प्रमुख नदी है। देवाझिरी, पीपलखूंटा, समोई और तारखेड़ी झाबुआ जिले के प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।

इतिहास

पहले झाबुआ वनांचल पांच भागों में विभाजित था, जिसका सबसे बड़ा भाग भगोर रियासत थी। झाबुआ में सदियों तक आदिवासी राजाओं का शासन रहा। यहां के प्रथम भील राजा कसुमर थे, जिनकी आज भी पूजा की जाती है। झाबुआ, ब्रिटिश राज के दौरान भोपलवार एजेंसी के अधीन मध्य भारत में एक प्रमुख रियासत थी। बाद में झाबुआ पर राठौर राजपूत राजाओं का शासन रहा जो मेवाड़ के जोधा राजा राठौर वंश के थे। उनके वंशज, कुंवर केशो दास ने 1584 में झाबुआ की स्थापना की। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद, झाबुआ के अंतिम शासक ने 15 जून, 1948 को भारतीय संघ में प्रवेश किया और झाबुआ नव-निर्मित मध्य भारत राज्य का हिस्सा बन गया, जिसे 1956 में मध्यप्रदेश में मिला दिया गया। मध्यप्रदेश की स्थापना के साथ ही झाबुआ जिला भी अस्तित्व में आया। झाबुआ जिले को भील जनजाति के घर के रूप में और 'भारत के बहादुर धनुष पुरुषों' के लिए भी जाना जाता है। यहां का भगोरिया मेला और मुर्गे की खास प्रजाति कड़कनाथ देशभर में प्रसिद्ध है।

होली के पहले मनाए जाने वाले भगोरिया पर्व के दौरान हाट में जाकर लोग घर व अपनी जरूरत की वस्तुओं को खरीदते हैं। इस पर्व के जरिए यहां का आदिवासी समाज अपनी संस्कृति व अपने रीति-रिवाजों के साथ एक प्रकार से साल भर में फिर से जीवंत हो उठता है।

अर्थव्यवस्था

यह जिला बंजर भूमि वाला है। इस पहाड़ी इलाके में 1865 और 1878 के वन अधिनियम से पहले वन, जिले के आदिवासियों के लिए आजीविका का मुख्य स्रोत थे, लेकिन अब बड़ी आवादी कृषि और हस्तशिल्प पर निर्भर है। जिले की महिलाएं बांस से घरेलू उपयोग की वस्तुएं, सजावट के लिए गुड़िया, मनके-आभूषण और अन्य वस्तुएं बनाती हैं, जिसकी मांग देश भर में है। यहां प्रमुख रूप से मक्का और ज्वार की फसलें ली जाती हैं। इसके अलावा झाबुआ जिले को 'कलीमासी' या काले मांस के लिए भी जाना जाता है। इसका कारण यहां पाई जाने वाली काले रंग के मुर्गे की खास प्रजाति 'कड़कनाथ' है। पोषण विशेषज्ञों के अनुसार इसमें कम कोलेस्ट्रॉल, उच्च लौह सामग्री और कैंसर विरोधी गुण पाए जाते हैं। आदिवासी अभी भी कृषि में भारी कीटनाशकों और उर्वरकों का उपयोग करने से दूर हैं इसलिए यहां की उपज अभी भी प्राकृतिक और जैविक है, जो एक अनूठा स्वाद देती है। जिले में पाए जाने वाले महुआ वृक्ष भी आदिवासियों की आर्थिक स्थिति को संवारने में अपना योगदान देते हैं।

महत्ववपूर्ण तथ्य

1. जिले का गठन - 1 नवंबर 1956
2. संभाग - इंदौर
3. जिला मुख्यालय - झाबुआ
4. क्षेत्रफल - 3600 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या - 10,25,048 (अनुसूचित जनजाति 87 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 1.7 प्रतिशत) पुरुष-515023, महिला-510025
6. जनसंख्या घनत्व - 285/वर्ग किलोमीटर
7. साक्षरता - 43.3 प्रतिशत (पुरुष - 48.73 प्रतिशत, महिला-29.33 प्रतिशत)
8. लिंगानुपात - 990
9. लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र - रतलाम
10. विधानसभा क्षेत्र - 3 (झाबुआ, थांदला और पेटलावद)
11. तहसील - 6 (रानापुर, झाबुआ, रामा, मेघनगर, थांदला, पेटलावद)
12. नगर पालिका - 5
13. जनपद पंचायत - 6
14. ग्राम पंचायत - 375
15. ग्रामों की संख्या - 832
16. विकासखण्ड - छह, (रानापुर, झाबुआ, रामा, मेघनगर, थांदला, पेटलावद)
17. राष्ट्रीय राजमार्ग - एन.एच. 59
18. जंगल- 1712.94 वर्ग किलोमीटर
19. प्रमुख नदियां - अनास, माही

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

झाबुआ जिला अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- देश का पहला आदिवासी शोध संचार केन्द्र झाबुआ जिले में स्थित है।
- देश के प्रमुख औद्योगिक केन्द्रों में झाबुआ जिले का मेघनगर भी शामिल है।
- झाबुआ सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति तथा न्यूनतम अनुसूचित जाति जनसंख्या वाला जिला है।
- झाबुआ में विश्व की पहली भीली बोली की फिल्म 'फैसला' बनाई गई है।
- जिले में भील जनजाति तथा उसकी उपजातियों का मुख्य स्थान है।
- झाबुआ जिले की खाल खांडवी पंचायत की सरपंच वंदना बहादुर मेढ़ा को उनके सामाजिक कार्यों और महिलाओं में जागरूकता लाने के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए संयुक्त राष्ट्र वूमन कैलेंडर के मई 2013 के अंक में स्थान मिल चुका है।
- जिले में आयोजित होने वाला भगोरिया, देश के शीर्ष 10 आदिवासी सांस्कृतिक त्योहारों में से एक है, जो देश-दुनिया के दर्शकों की मेजबानी करता है। फसल आने की खुशी और आदिवासी युवक-युवतियों के मेल-मिलाप के लिए मनाया जाने वाला यह पर्व होली के त्योहार से ठीक 7 दिन पहले हाट बाजारों में आयोजित किया जाता है।
- जिले में स्थित देवलफलिया शिव मंदिर वहुत ही प्राचीन है। यहां विष्णु भगवान, गणेश जी व कई अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां उकेरी हुई हैं। गर्भगृह में पंचमुखी शिवलिंग विराजित हैं। पुरातत्व विभाग के अनुसार यह मंदिर 11 से 12 सौ साल पुराना है।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

रेडियोलॉजी के क्षेत्र में कॅरियर के तेजी से बढ़ते मौके

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

वस्तुतः रेडियोलॉजी एक मेडिकल टेक्नोलॉजी है। इसकी मदद से शरीर के अंदरूनी हिस्सों की जांच की जाती है। इससे डॉक्टरों को मरीजों की स्थिति और उनकी बीमारियों के बारे में सटीक जानकारी मिल जाती है, जिससे उन्हें उपयुक्त इलाज करने में काफी आसानी होती है। जैसे-जैसे शरीर के आंतरिक भागों में छिपी हुई बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। वैसे-वैसे देश और दुनिया में रेडियोलॉजी सेक्टर में कॅरियर के बढ़ते हुए मौकों का परिदृश्य निर्मित हो रहा है। स्थिति यह है कि कोरोना महामारी के बाद देश के कोने-कोने में सरकारी और निजी क्षेत्र के अस्पतालों, एक्सरे, सीटी स्कैन संस्थानों और नर्सिंग होम्स में रेडियोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजी टेक्नीशियन व अन्य पदों पर नई नियुक्तियां तेजी से बढ़ती गई हैं।

लगातार बढ़ रहा है रेडियोलॉजी सेक्टर

किसी रोग के सही इलाज के लिए उसकी सही पहचान की जाना पहली जरूरत

है। इसीलिए रोगों की पहचान के लिए रेडियोलॉजी की आवश्यकता पड़ती है। रेडियोलॉजी रोगी के देखभाल में योगदान करती है और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में रेडियोलॉजिस्ट और रेडियोग्राफर की महत्वपूर्ण भूमिका सार्वजनिक समझ को बेहतर बनाने की दिशा में भी काम करती है। ज्ञातव्य है कि रेडियोलॉजी दो तरह की होती है। डायग्नॉस्टिक रेडियोलॉजी और थैरापेटिक रेडियोलॉजी। डायग्नॉस्टिक रेडियोलॉजी के अंतर्गत मुख्य रूप से रेडियोग्राफी और अल्ट्रासाउंड से जुड़े टेस्ट शामिल होते हैं, जैसे एक्सरे, सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, एमआरआई, एंजियोग्राफी, फ्लोरोस्कोपी, पोसीट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी आदि। थैरापेटिक रेडियोलॉजी में रेडियो तरंगों द्वारा उपचार किया जाता है।

रेडियोलॉजिस्ट स्पेशलाइजेशन की वजह से रेडियोलॉजी तकनीक के कुशल जानकार बन जाते हैं। एक रेडियोलॉजिस्ट के तौर पर ये शरीर के विभिन्न अंगों का एक्सरे करते हैं। रेडियो इमेज का विश्लेषण और इंटरप्रिटेशन करते हैं। इसके अलावा, इन पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होती है कि एक्सरे करते समय मरीज या आसपास के लोगों पर रेडियोएक्टिव किरणों का कोई बुरा असर न हो। इसके साथ-साथ ऐसे प्रोफेशनल्स और टेक्नीशियंस को रेडियोग्राफिक उपकरणों और मरीजों के रिकॉर्ड्स को मेन्टेन रखने का काम भी करना होता है।

डायग्नॉस्टिक इमेजिंग मार्केट बढ़ने के साथ रेडियोलॉजी में बढ़ते कॅरियर

देश और दुनिया में छलांगे लगाकर बढ़ रहे रेडियोलॉजी और डायग्नॉस्टिक इमेजिंग मार्केट की तस्वीर भी रेडियोलॉजी में कॅरियर के परिदृश्य को आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रही है। इंडिया डायग्नॉस्टिक इमेजिंग मार्केट रिपोर्ट 2020 के अनुसार वर्ष 2019-20 में भारत में डायग्नॉस्टिक इमेजिंग मार्केट का आकार 1655.35 मिलियन डॉलर था, यह 2026-27 तक 9.03 फीसदी की प्रभावपूर्ण वृद्धि दर से आगे बढ़ने की संभावना रखता है। इसी तरह मार्केट्स एंड मार्केट्स डॉट कॉम के मुताबिक दुनिया में 2019 में डायग्नॉस्टिक इमेजिंग मार्केट 25.7 अरब डॉलर था, यह 2024 तक तेजी से आगे बढ़ता हुआ 35.5 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है।

रेडियोलॉजी सेक्टर की शैक्षणिक जरूरतें

रेडियोलॉजी सेक्टर में कॅरियर बनाने के लिए पीसीबी यानी फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी ग्रुप में 50 फीसदी मार्क्स होना आवश्यक हैं। एक रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर बनने के लिए पहले किसी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री लेने के बाद रेडियोलॉजी में एमडी या डिप्लोमा की डिग्री लेना होती है। रेडियोलॉजी टेक्नीशियन, रेडियोलॉजी असिस्टेंट, रेडियोग्राफर, रेडियोलॉजी नर्स, अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन, डायग्नॉस्टिक मेडिकल सोनोग्राफर, एमआरआई टेक्निशियन, सीटी स्कैन टेक्नोलॉजिस्ट आदि के लिए देश के कुछ संस्थान बॉयोलॉजी समूह के अलावा पीसीएम समूह के छात्रों को भी प्रवेश देते हैं। रेडियोलॉजी टेक्नीशियन के लिए सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर डिप्लोमा, डिग्री और मास्टर्स तक के कोर्स शामिल हैं। इनमें तीन वर्षीय बैचलर ऑफ रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी, तीन वर्षीय बीएससी इन मेडिकल रेडियोलॉजी, डिप्लोमा इन मेडिकल रेडियोलॉजी, दो वर्षीय डिप्लोमा इन रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी और एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी आदि कई कोर्सेज प्रमुख हैं।

रेडियोलॉजी में कॅरियर की जरूरी योग्यताएं

रेडियोलॉजी सेक्टर में अच्छा कॅरियर बनाने के लिए दिन-प्रतिदिन आ रहे

रेडियोलॉजी के नए-नए उपकरणों और मशीनों से संबंधित प्रशिक्षण लाभप्रद हैं। चूंकि रेडियोजिस्ट और रेडियो टेक्नीशियन शरीर के विभिन्न अंगों का एक्सरे करते हैं अतएव एक्सरे करते समय मरीज और आसपास के लोगों पर रेडियोएक्टिव किरणों का साइड इफेक्ट न हो, इससे संबंधित पर्याप्त जानकारी भी जरूरी हैं। रेडियोग्राफिक उपकरणों की देखभाल करने के साथ ही रोगियों के रिकॉर्ड्स भी मेंटेन करने संबंधी प्रशिक्षण भी जरूरी है। रेडियोलॉजिस्ट और रेडियो टेक्नीशियन में कम्प्यूटर कौशल, बेहतरीन संवाद क्षमता और मरीजों के साथ सहानुभूति के गुणों के साथ-साथ टीम भावना का होना भी लाभप्रद होता है।

रेडियोलॉजी में कॅरियर के विविध क्षेत्र

रेडियोलॉजी सेक्टर में कॅरियर के अवसर न केवल देश में, अपितु विदेशों में भी उपलब्ध हैं। भारत में रेडियोलॉजी के क्षेत्र में रोज़गार की अपार संभावनाएं हैं। नर्सिंग होम, सरकारी अस्पताल, निजी अस्पताल, डायग्नॉस्टिक सेंटरों में रेडियोग्राफर की आवश्यकता होती है। इसके अलावा मेडिसिन, रिसर्च और टीचिंग में भी रेडियोग्राफर की जरूरत हमेशा बनी रहती है। न्यूक्लियर मेडिसिन के क्षेत्र में भी एक्स-रे तकनीशियन और रेडियोलॉजिस्ट की जरूरत पड़ती है। डायग्नॉस्टिक इमेजिंग विभाग, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टरों के साथ रेडियोलॉजिस्ट और रेडियोग्राफर की जरूरत पड़ती है।

खास बात यह भी है कि रेडियोलॉजिस्ट के लिए विदेशों में भी जॉब के बहुत अवसर हैं। अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका तथा खाड़ी के देशों में ऐसे लोगों के लिए रेडियो इमेजिंग तकनीशियन, रेडियोग्राफर, रेडियोलॉजिस्ट, प्रयोगशाला सहायक, क्लीनिक सहायक, एक्सरे तकनीशियन या अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ के तौर पर जॉब के मौके तेजी से बढ़े हैं।

रेडियोलॉजी के कोर्स कहां से किए जाएं

देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस के बाद रेडियोलॉजी में डिप्लोमा और पोस्टग्रेजुएशन के कोर्स किए जा सकते हैं। देश एवं विभिन्न प्रदेशों के मेडिकल कॉलेजों तथा पैरामेडिकल संस्थानों में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन, रेडियोलॉजी असिस्टेंट, रेडियोलॉजी टेक्नोलॉजिस्ट, रेडियोग्राफर, रेडियोलॉजी नर्स, अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन, डायग्नॉस्टिक मेडिकल सोनोग्राफर, एमआरआई टेक्निशियन, सीटी स्कैन टेक्नोलॉजिस्ट के कोर्स संचालित किए जाते हैं। रेडियोलॉजी से संबंधित विभिन्न कोर्स कराने वाले संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और उपयुक्तता को ध्यान में रखते हुए रेडियोलॉजी में कॅरियर की राह पर आगे बढ़ा जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. आईसीसी अंडर-19 वर्ल्डकप-2022 में किस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा रन बनाये हैं?
(अ) डेवाल्ड ब्रेविस
(ब) शेख रशीद
(स) टीग विली
(द) टॉम प्रीस्ट

2. इनमें से किस खिलाड़ी के नाम सबसे ज्यादा बार मोंटे कार्लो मास्टर्स टूर्नामेंट जीतने का रिकॉर्ड है?
(अ) रोजर फेडरर
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) पीट सैम्प्रास
(द) राफेल नडाल

3. ग्रीको रोमन स्पर्धा किस खेल का हिस्सा है?
(अ) ताइक्वांडो
(ब) मुक्केबाजी
(स) कुश्ती
(द) इनमें से कोई नहीं

4. टोक्यो ओलिंपिक में किस देश ने फुटबॉल में महिला वर्ग का स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) ब्राजील (ब) कनाडा
(स) स्वीडन (द) अमेरिका

5. वर्ष 2022 में सैफ अंडर-18 फुटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब किस देश ने जीता है?
(अ) भारत (ब) बांग्लादेश
(स) मालदीव (द) अफगानिस्तान

6. वर्ष 2019 में किस देश ने एफआईएच महिला प्रो लीग टूर्नामेंट जीता है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) नीदरलैंड्स
(स) जर्मनी (द) ब्रिटेन

7. रोहित शर्मा के नाम वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कितने दोहरे शतक बनाने का रिकॉर्ड है?
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) इनमें से कोई नहीं

8. वाल्टेरी बोटास इस वर्ष किस टीम के लिए फॉर्मूला-वन रेसिंग कर रहे हैं?
(अ) मर्सिडीज (ब) अल्फा रोमियो
(स) रेडबुल (द) मैक्लेरेन

9. यूसेन बोल्ट के नाम कितने समय में 100 मीटर दौड़ पूरी करने का रिकॉर्ड है?
(अ) 9.38 सेकेंड (ब) 9.48 सेकेंड
(स) 9.58 सेकेंड (द) 9.62 सेकेंड

10. अंशु मलिक किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) कुश्ती (ब) टेबल टेनिस
(स) एथेलेटिक्स (द) जिम्नास्टिक

11. किस देश के नाम सबसे ज्यादा बार फीफा वूमेन वर्ल्डकप जीतने का रिकॉर्ड है?
(अ) ब्राजील (ब) अमेरिका
(स) स्वीडन (द) इंग्लैंड

12. वर्ष 2019 में किस राज्य ने विजय हजारे ट्रॉफी जीती थी?
(अ) कर्नाटक
(ब) दिल्ली
(स) हिमाचल प्रदेश
(द) तमिलनाडु

13. वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी ने पीजीए गोल्फ चैम्पियनशिप जीती है?
(अ) डस्टिन जॉनसन
(ब) ब्रूक्स कोएप्का
(स) टाइगर वुड्स
(द) फिल मिकेलसन

14. वर्ष 2014 में किस देश ने डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट जीता था?
(अ) अमेरिका (ब) स्वीडन
(स) स्विट्जरलैंड (द) क्रोएशिया

15. विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने किस वर्ष आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्डकप जीता था?
(अ) वर्ष 2006 (ब) वर्ष 2008
(स) वर्ष 2010 (द) वर्ष 2012

16. वर्ष 2021 में किस देश ने रग्बी सेवंस वर्ल्ड सीरीज का खिताब जीता है?
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) न्यूजीलैंड
(स) ऑस्ट्रेलिया
(द) फ्रांस

17. अटलांटा ओलिंपिक-1996 में किस खिलाड़ी ने भारत के लिए पदक जीता था?
(अ) के.डी. जाधव
(ब) लिएंडर पेस
(स) कर्णम मल्लेश्वरी
(द) पी.टी. ऊषा

18. ब्राजीलियन फुटबॉलर नेमार किस क्लब के लिए प्रोफेशनल फुटबॉल खेलते हैं?
(अ) मेनचेस्टर सिटी
(ब) रियल मेड्रिड
(स) पेरिस सेंट जर्मेन
(द) इनमें से कोई नहीं

19. बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
(अ) वर्ष 1934 (ब) वर्ष 1938
(स) वर्ष 1940 (द) वर्ष 1945

20. बुल फाइटिंग किस देश का राष्ट्रीय खेल है?
(अ) इटली (ब) स्पेन
(स) जर्मनी (द) पुर्तगाल

21. वर्ष 2021 में किस क्लब ने यूएफा चैम्पियंस लीग का खिताब अपने नाम किया है?
(अ) चेल्सी (ब) बायर्न म्युनिख
(स) जुवेंट्स (द) ए.सी. मिलान

22. इनमें से किस गेंदबाज ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे पहले 500 विकेट लिए हैं?
(अ) शेन वार्न
(ब) मुथैया मुरलीधरन
(स) ग्लैन मैक्ग्राथ
(द) कर्टनी वॉल्श

23. वर्ष 2019 में किस खिलाड़ी ने विम्बलडन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीता था?
(अ) रोजर फेडरर
(ब) राफेल नडाल
(स) नोवाक जोकोविच
(द) मारिन सिलिक

24. रोजेरियो सेनी किस देश के दिग्गज फुटबॉलर रह चुके हैं?
(अ) इटली (ब) ब्राजील
(स) अर्जेंटीना (द) पैराग्वे

25. हाल ही में किस महिला टेनिस खिलाड़ी ने संन्यास लिया है?
(अ) एश्ले बार्टी
(ब) मारिया शारापोवा
(स) पेत्रा क्वितोवा
(द) जेनिफर ब्रैडी

उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (स), 4. (ब), 5. (अ), 6. (ब), 7. (स), 8. (ब), 9. (स), 10. (अ), 11. (ब), 12. (अ), 13. (द), 14. (स), 15. (ब), 16. (अ), 17. (ब), 18. (स), 19. (अ), 20. (ब), 21. (अ), 22. (द), 23. (स), 24. (ब), 25. (अ)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

गुकेश ने जीता ला रोडा इंटरनेशनल शतरंज खिताब

मैड्रिड, भारत के 16 वर्षीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश ने स्पेन में आयोजित ला रोडा इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। गुकेश ने टूर्नामेंट के आखिरी राउंड में इजराइल के ग्रैंड मास्टर विक्टर मिखालेव्सकी को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। गुकेश ने महज 26 चालों में विक्टर को हार मानने पर मजबूर कर दिया। गुकेश ने टूर्नामेंट में 9 राउंड में से 7 राउंड जीते और 2 राउंड में ड्रॉ खेलकर कुल आठ अंक हासिल कर पहले स्थान पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट में भारतीय शतरंज खिलाड़ी आर. प्रगाननंदा तीसरे तथा आर्मेनिया के हैक मार्टिरोस्यन दूसरे स्थान पर रहे। इस जीत के साथ गुकेश ने लाइव विश्व रैंकिंग में 2648 अंकों के साथ पहली बार टॉप-100 में जगह बना ली है।

गोल्फ के मैदान में दिखेंगी एश्ले बार्टी

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया की पूर्व टेनिस खिलाड़ी एश्ले बार्टी अब गोल्फ खेलती हुयी नजर आयेंगी। बार्टी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्फ खेलने के लिये अमेरिकी गोल्फ क्लब से करार किया है। न्यूजर्सी में लिबर्टी नेशनल गोल्फ क्लब ने आइकंस सीरीज टूर्नामेंट के लिये अर्नी पल्स रेस्ट ऑफ वर्ल्ड टीम में बार्टी को शामिल किया है। यह टूर्नामेंट 30 जून और एक जुलाई को खेला जायेगा। 25 वर्षीय बार्टी ने पिछले महीने विश्व की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी रहते हुये टेनिस से संन्यास लिया था। बार्टी के नाम तीन बार ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की उपलब्धि भी है। बार्टी टेनिस के अलावा क्रिकेट भी खेल चुकी हैं। बार्टी ऑस्ट्रेलिया की प्रसिद्ध महिला बिग बैश लीग में ब्रिसबेन हीट्स के लिये 9 मैच बतौर ऑलराउंडर खेल चुकी हैं।

बोस्टन मैराथन में पेरेस और इवांस बने चैंपियन

बोस्टन, बोस्टन मैराथन रेस में केन्या के धावकों का दबदबा रहा। बोस्टन मैराथन में महिला वर्ग में टोक्यो ओलिंपिक की चैंपियन पेरेस जेपचिरचिर ने खिताब अपने नाम किया। पेरेस ने यह रेस 2 घंटा 21 मिनट और एक सेकेंड में पूरी की। रेस में इथियोपिया की एबाबेल येसानेह दूसरे तथा केन्या की मैरी वकेरा तीसरे स्थान पर रहीं। बोस्टन मैराथन में पुरुष वर्ग का खिताब भी केन्या के नाम रहा। केन्या के इवांस चेबेट ने 2 घंटा 6 मिनट और 51 सेकेंड में रेस पूरी कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रेस में इवांस के हमवतन लॉरेंस चेरेना दूसरे तथा बेनसन किपरूटो तीसरे स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि पेरेस जेपचिरचिर ने टोक्यो ओलिंपिक में ब्रिगिड कोसगेई को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

किम क्लिस्टर्स ने टेनिस से लिया संन्यास

ब्रुसेल्स, बेल्जियम की पूर्व विश्व नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी किम क्लिस्टर्स ने टेनिस से संन्यास लेने का फैसला किया है। क्लिस्टर्स ने तीसरी बार टेनिस को अलविदा कहा है। क्लिस्टर्स ने सोशल मीडिया के जरिये संन्यास की घोषणा करते हुये लिखा कि मैं अपने परिवार के लिये टेनिस से ब्रेक ले रही हूं। क्लिस्टर्स ने 15 वर्ष की आयु में वर्ष 1998 में प्रोफेशनल सर्किट पर कदम रखा था। क्लिस्टर्स ने वर्ष 2003 में फ्रैंच ओपन और विम्बलडन में महिला युगल वर्ग का खिताब जीता था।

मोंटे कार्लो मास्टर्स

स्टेफानोस सितसिपास लगातार दूसरी बार बने चैंपियन

मोनाको, ग्रीस के स्टार टेनिस खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास ने मोंटे कार्लो मास्टर्स खिताब अपने नाम किया है। सितसिपास ने लगातार दूसरी बार यह टूर्नामेंट जीता है। सितसिपास ने टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में स्पेन के अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को लगातार सेटों में 6-3, 7-6 से हराया।

फाइनल मुकाबले के पहले सेट में फोकिना ने बेहतर शुरुआत की थी, फोकिना ने तीसरे ही प्वॉइंट में सिससिपास की सर्विस ब्रेक कर दी। सितसिपास ने अपने अनुभव से सबक लेते हुये अगले ही प्वॉइंट में फोकिना की सर्विस ब्रेक की। इसके बाद सितसिपास ने फोकिना को बढ़त बनाने का कोई मौका नहीं दिया और 6-3 से सेट अपने नाम किया।

दूसरे सेट में फोकिना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये सितसिपास को कड़ी टक्कर दी। सितसिपास के पास शुरू में ही प्वॉइंट अर्जित करने का आसान मौका था, लेकिन वे चूक गये। इसके बाद फोकिना ने सितसिपास के तेज सर्विस पर जबरदस्त पलटवार किये। फोकिना ने सेट का स्कोर 6-6 कर सेट को टाईब्रेकर में ले गये। टाईब्रेकर में सितसिपास अनुभवहीन फोकिना के ऊपर हावी नजर आये। सितसिपास ने टाईब्रेकर में लगातार अंक अर्जित किये और 7-3 से सेट अपने नाम किया।

- **स्टेफानोस सितसिपास ने वर्ष 2021 में आंद्रे रूबलेव को हराकर जीता था मोंटे कार्लो मास्टर्स टूर्नामेंट।**
- **सितसिपास ओपन एरा में छठे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लगातार दो बार मोंटे कार्लो मास्टर्स खिताब जीता है।**
- **स्पेन के राफेल नडाल ने सर्वाधिक 11 बार जीता है यह टूर्नामेंट।**
- **ये सितसिपास के टेनिस कॅरियर का दूसरा मास्टर्स और आठवां एटीपी खिताब है।**
- **राजीव राम और जोए सेलिसबरी की जोड़ी ने दूसरी बार मास्टर्स-1000 खिताब जीता है।**
- **इससे पहले इस जोड़ी ने वर्ष 2021 में टोरेंटो मास्टर्स खिताब जीता था।**

टूर्नामेंट में फोकिना का सफर बेहद शानदार रहा। फोकिना ने टूर्नामेंट में दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को दूसरे दौर में, टेलर फ्रिट्ज को क्वार्टर फाइनल में और ग्रिगोर दिमित्रोव को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

राम और सेलिसबरी की जोड़ी बनी चैंपियन

मोंटे कार्लो मास्टर्स टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब अमेरिका के राजीव राम और ब्रिटेन के जोए सेलिसबरी की जोड़ी ने जीता। पुरुष युगल के फाइनल में राम और सेलिसबरी की जोड़ी ने जुआन सबेस्टियन कावेल और रोबर्ट फराह की कोलंबियाई जोड़ी को 6-4, 3-6, 10-7 से हराया।

एक घंटा 38 मिनट तक चले मैच में राम और सेलिसबरी की जोड़ी को कावेल और फराह की जोड़ी ने कड़ी टक्कर दी। पहले सेट में राम और सेलिसबरी ने आसान जीत दर्ज की, जबकि दूसरे सेट में कोलंबियाई जोड़ी ने वापसी कर सेट अपने नाम किया। तीसरा सेट भी रोमांचक रहा। इस सेट में राम और सेलिसबरी की जोड़ी विजेता बनी।

भारत ने प्रो लीग में जर्मनी को लगातार दो मैचों में हराया

भुवनेश्वर, बेहतरीन फॉर्म में चल रही भारतीय हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अपना शानदार प्रदर्शन बरकरार रखा है। भारत ने प्रो लीग में जर्मनी को लगातार दो मैचों में हराकर अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है।

भारत ने पहले मैच में जर्मनी को 3-0 से हराया। वहीं दूसरे मैच में 3-1 से मात दी। जर्मनी की टीम प्रमुख खिलाड़ियों के बिना भारत दौरे पर आई थी। भारतीय टीम ने जर्मनी की युवा टीम को जमकर सबक सिखाया। दूसरे मैच में भारत के लिये सुखजीत ने 19वें मिनट, वरुण कुमार ने 41वें मिनट तथा अभिषेक ने 54वें मिनट में गोल किये, जबकि जर्मनी के लिये एंटोन वोएकेल ने 45वें मिनट में गोल किया।

न्यूजीलैंड के हैमिश बेनेट क्रिकेट से लेंगे संन्यास

ऑकलैंड, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज हैमिश बेनेट ने प्रोफेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया है। 35 वर्षीय बेनेट ने कहा कि वर्ष 2021-22 का सत्र उनके प्रोफेशनल क्रिकेट कॅरियर का आखिरी सत्र होगा। बेनेट ने न्यूजीलैंड के लिये एक टेस्ट, 19 वन-डे अंतर्राष्ट्रीय और 11 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। बेनेट ने तीनों फॉर्मेट में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 43 विकेट लिये हैं। बेनेट ने 14 अक्टूबर, 2010 में बांग्लादेश के खिलाफ वन-डे मैच से पदार्पण किया था। घरेलू स्तर पर बेनेट का प्रदर्शन शानदार रहा है। बेनेट ने 79 प्रथम श्रेणी मैचों में 261 विकेट लिये हैं।

पोलार्ड ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

मुंबई, वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर कीरोन पोलार्ड ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। 34 वर्षीय पोलार्ड इस समय भारत में आईपीएल खेल रहे हैं। पोलार्ड मुंबई इंडियंस टीम के प्रमुख खिलाड़ी हैं। पोलार्ड ने सोशल मीडिया के जरिये अपने फैसले के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मैंने एक लंबे मंथन के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि कई युवाओं की तरह मेरा भी सपना वेस्टइंडीज के लिये क्रिकेट खेलना था, मैं गर्व से कहता हूं कि मैंने 15 वर्ष वेस्टइंडीज टीम के लिये अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला है।

पोलार्ड ने 10 अप्रैल, 2007 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वन-डे मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में आगाज किया था। पोलार्ड ने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच 20 फरवरी, 2022 को भारत के खिलाफ खेला था। पोलार्ड ने अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कॅरियर में 123 वन-डे और 101 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं। पोलार्ड ने वन-डे में 2706 रन और 55 विकेट लिये हैं, वहीं ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 1569 रन और 42 विकेट लिये हैं। पोलार्ड क्लब क्रिकेट में काफी सफल रहे हैं। पोलार्ड विश्व की कई लीगों में खेल रहे हैं। उन्होंने प्रोफेशनल ट्वेंटी-20 क्रिकेट में 588 मैचों में 11,523 रन बनाये तथा 305 विकेट लिये हैं।

- **कीरोन पोलार्ड के नाम ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने का कीर्तिमान दर्ज है।**
- **पोलार्ड ने श्रीलंका के अकीला धनंजय के ओवर में छह छक्के लगाये थे।**

जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट टीम की कप्तानी से दिया इस्तीफा

लंदन, इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान जो रूट ने टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। रूट ने यह फैसला वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली 1-0 की हार के बाद लिया है। जो रूट को वर्ष 2017 में एलिस्टर कुक की जगह इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई थी। रूट ने 64 टेस्ट मैचों में टीम की कमान संभाली है। इनमें से 27 मैचों में टीम को जीत और 26 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, जबकि 11 मैच ड्रॉ रहे हैं। रूट ने कहा कि मैंने पांच वर्ष इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट टीम की कप्तानी की है। ये मेरे लिये गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कप्तानी छोड़ने का फैसला बेहद चुनौतीपूर्ण रहा है। मुझे लगता है कि कप्तानी छोड़ने का यह सही समय है। रूट की कप्तानी में खेले गये पिछले 17 टेस्ट मैचों में से इंग्लैंड को महज एक मैच में ही जीत मिली है।

एशेज में मिली 4-0 की हार

जो रूट की कप्तानी में इस वर्ष की शुरुआत में खेली गई एशेज सीरीज में इंग्लैंड का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। पांच मैचों की एशेज सीरीज में इंग्लैंड को 4-0 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद वेस्टइंडीज में खेली गई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में भी इंग्लैंड को 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, इसी के बाद से रूट को आलोचना का सामना करना पड़ा।

- **टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के लिये सबसे ज्यादा मैचों में कप्तानी करने वाले खिलाड़ी हैं रूट।**
- **रूट की जगह बेन स्टोक्स या स्टुअर्ट ब्रॉड बन सकते हैं, इंग्लैंड के नये टेस्ट कप्तान।**

राष्ट्रमंडल खेल-2026

ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य को मिली मेजबानी

लंदन, ऑस्ट्रेलिया का विक्टोरिया राज्य वर्ष 2026 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन विक्टोरिया के विभिन्न शहरों और क्षेत्रीय केंद्रों में होगा, जिनमें मेलबर्न, जीलोंग, बेंडिगो, बेलार्ट और जिप्सलैंड शामिल हैं। अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन पारंपरिक तौर पर एक ही शहर में होता आया है, लेकिन विक्टोरिया में यह प्रतिष्ठित खेल आयोजन पारंपरिक मॉडल से अलग होगा।

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने बताया कि राष्ट्रमंडल खेल-2026 के उद्घाटन समारोह का आयोजन एक लाख दर्शक क्षमता वाले ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होगा। सीजीएफ ने बताया कि राष्ट्रमंडल खेल-2026 के लिये शुरुआत में 16 खेलों को चुना गया है, इनमें ट्वेंटी-20 क्रिकेट भी शामिल है। इस वर्ष अन्य खेलों को भी इस सूची में शामिल किया जायेगा।

शुरुआती सूची में निशानेबाजी, कुश्ती और तीरंदाजी जैसे पारंपरिक खेलों को शामिल नहीं किया गया है। इसके बाद राष्ट्रमंडल खेल-2026 को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इन तीनों खेलों में भारत ने कई सत्रों में कई पदक जीते हैं। भारतीय राइफल संघ ने राष्ट्रमंडल खेलों से निशानेबाजी को हटाने के फैसले पर नाराजगी जताई है। संघ के महासचिव कुंवर सुल्तान सिंह ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों से लगातार दूसरे सत्र के लिये निशानेबाजी को बाहर करना निराशाजनक और असंगत फैसला है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल-2022 में भी निशानेबाजी को शामिल नहीं किया गया है। भारतीय कुश्ती संघ ने भी सीजीएफ के फैसले पर नाराजगी व्यक्त की है।

सीजीएफ ने कहा कि रणनीतिक रोडमैप के अनुसार वर्ष 2026 से राष्ट्रमंडल खेलों में सिर्फ एथेलेटिक्स और तैराकी ही अनिवार्य खेल होंगे। इससे मेजबान शहरों को खेलों की प्रस्तावित कोर सूची में से अपनी पसंद के खेलों को चुनने की स्वतंत्रता मिलेगी। हालांकि प्रस्तावित कोर सूची में निशानेबाजी, कुश्ती और तीरंदाजी को शामिल किया गया है।

- **ऑस्ट्रेलिया अब तक पांच बार राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर चुका है।**
- **वर्ष 1938 में सिडनी, वर्ष 1962 में पर्थ, वर्ष 1982 में ब्रिस्बेन, वर्ष 2006 में मेलबर्न और वर्ष 2018 में गोल्ड कोस्ट में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन हुआ है।**

साजन प्रकाश ने डेनिश ओपन में जीता स्वर्ण पदक

कोपेनहेगन, भारतीय तैराक साजन प्रकाश ने डेनमार्क के कोपेनहेगन में आयोजित डेनिश ओपन तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक जीता है। साजन ने प्रतियोगिता में पुरुषों की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 1 मिनट 59.27 सेकेंड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जीत दर्ज करने के बाद साजन ने कहा कि ये इस वर्ष मेरी पहली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता है। हम धीरे-धीरे राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में तैराकी स्पर्धाओं में शीर्ष पर आने की कोशिश करेंगे। डेनिश ओपन तैराकी प्रतियोगिता में भारत के 16 वर्षीय युवा तैराक वेदांत माधवन ने भी शानदार प्रदर्शन किया और पुरुषों की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता। वेदांत ने फाइनल राउंड में 15 मिनट 15.86 सेकेंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन

भारत जड़ी-बूटियों का खजाना है, एक तरह से यह हमारा 'हरित सोना' है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री श्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस घेब्रेयससस भी उपस्थित थे।

- **डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ने सार्वजनिक स्वास्थ्य में नवोन्मेष की शक्ति उपयोग में लाने के लिए प्रधानमंत्री और भारत सरकार की सराहना की।**
- **डॉ. टेड्रोस घेब्रेयससस के भारत के प्रति प्रेम और अपने भारतीय शिक्षकों के प्रति उनके सम्मान और गुजरात के प्रति उनके स्नेह का वर्णन करते हुए, श्री मोदी ने उन्हें एक गुजराती नाम 'तुलसी भाई' दिया।**
- **पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न देशों के साथ 50 से अधिक समझौता ज्ञापनों को औपचारिक रूप दिया गया है। आयुष विशेषज्ञ भारतीय मानक ब्यूरो के सहयोग से आईएसओ मानक विकसित कर रहे हैं, इससे 150 से अधिक देशों में आयुष के लिए विशाल निर्यात बाजार खुलेंगे।**

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन का विचार उन्हें महामारी के समय आया था जब आयुष ने लोगों की रोगों से लड़ने की क्षमता में सुधार किया और आयुष उत्पादों में रुचि एवं मांग में वृद्धि देखी गई। महामारी से निपटने के भारतीय प्रयासों को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमने देखा कि जो मॉडर्न फार्मा कंपनियां हैं, वैक्सीन मैन्यूफैक्चर्स हैं, उन्हें उचित समय पर निवेश मिलने पर उन्होंने कितना बड़ा कमाल करके दिखाया। कौन कल्पना कर सकता था कि इतनी जल्दी हम कोरोना की वैक्सीन विकसित कर पाएंगे।

आयुष क्षेत्र द्वारा की गई प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'हम पहले से ही आयुष दवाओं, सप्लीमेंटों और सौंदर्य प्रसाधनों के उत्पादन में अभूतपूर्व तेजी देख रहे हैं। 2014 में, जहां आयुष क्षेत्र 3 अरब डॉलर से कम था, आज यह बढ़कर 18 अरब डॉलर से भी अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि आयुष मंत्रालय ने पारम्परिक दवाओं के क्षेत्र में स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहन देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। वर्तमान युग को निजी स्टार्ट अप कम्पनियों (यूनिकॉर्न) का युग बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में ही अब तक भारत के 14 स्टार्ट-अप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि बहुत ही जल्द आयुष के हमारे स्टार्ट-अप से भी यूनिकॉर्न उभर कर सामने आएंगे। यह देखते हुए कि जड़ी-बूटियों का उत्पादन किसानों की आय और आजीविका बढ़ाने का एक अच्छा साधन हो सकता है और इसमें रोज़गार सृजन की गुंजाइश हो सकती है, प्रधानमंत्री ने कहा, बहुत जरूरी है कि जड़ी-बूटियों की



पैदावार से जुड़े किसानों को आसानी से बाजार से जुड़ने की सहूलियत मिले। इसके लिए सरकार आयुष ई-मार्केट प्लेस के आधुनिकीकरण और विस्तार पर भी काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, भारत जड़ी-बूटियों का खजाना है, यह एक तरह से हमारा 'हरित सोना' है।

प्रधानमंत्री ने आयुष उपचार के बाद केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री, रैला ओडिंगा की पुत्री रोज़मेरी ओडिंगा की आंखों की रोशनी वापस आने की आयुर्वेद की सफलता की कहानी भी सुनाई। रोज़मेरी ओडिंगा दर्शकों में मौजूद थीं और प्रधानमंत्री ने उनका परिचय कराया व लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने आगे कहा कि 21वीं सदी का भारत अपने अनुभवों और अपने ज्ञान को दुनिया के साथ साझा कर आगे बढ़ना चाहता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगले 25 वर्ष का अमृत काल पारम्परिक औषधियों का स्वर्णिम काल साबित होगा।

डॉ. टेड्रोस घेब्रेयससस ने महात्मा गांधी के राज्य और देश में उपस्थित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की, जिसे उन्होंने 'विश्व का गौरव' कहा। उन्होंने कहा कि भारत का 'वसुधैव कुटुम्बकम' का दर्शन जामनगर में डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (जीसीटीएम) के शुभारंभ के पीछे प्रेरणा की शक्ति है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की स्थापना ऐतिहासिक है और यह बहुत बड़ा बदलाव लाएगा। उन्होंने बताया कि केन्द्र को साक्ष्य, डेटा और स्थिरता तथा पारम्परिक चिकित्सा के अधिकतम उपयोग के एजेंडा को बढ़ावा देने के लिए नवाचार के इंजन के रूप में तैयार किया गया है। महानिदेशक ने सार्वजनिक स्वास्थ्य में नवोन्मेष की शक्ति उपयोग में लाने के लिए प्रधानमंत्री और भारत सरकार की सराहना की। उन्होंने भारतीय अस्पतालों में डेटा और एकीकृत सूचना साझा करने की प्रणालियों के उपयोग की सराहना की। उन्होंने पारम्परिक चिकित्सा में अनुसंधान के लिए डेटा संग्रह की भावना को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय की प्रशंसा की। आयुष उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग और निवेश को देखते हुए महानिदेशक ने कहा कि पूरी दुनिया भारत आ रही है और भारत पूरी दुनिया में जा रहा है। श्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ ने पारम्परिक चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान के लिए भारत और गुजरात की प्रशंसा की। उन्होंने अपने देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत के समर्थन का भी उल्लेख किया। भारत के साथ समान वंशावली को देखते हुए मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने अपने देश में आयुर्वेद को दिए गए महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने मॉरीशस में एक आयुर्वेदिक अस्पताल की स्थापना की जानकारी दी और पहले लॉकडाउन के दौरान पारम्परिक दवाएं देने के लिए भारत को धन्यवाद दिया। श्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ ने कहा, 'यह एकजुटता उन भाव प्रदर्शनों में से एक थी जिसके लिए हम भारत सरकार और विशेष रूप से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हमेशा आभारी हैं'।

यूएई ने बदले वीजा नियम

संयुक्त अरब अमीरात (UAE) जाकर काम करने और रहने का सपना देखने वाले भारतीयों के लिए एक बड़ी खबर है। वीजा सुधारों को लेकर सबसे बड़ा कदम उठाते हुए UAE ने देश में एंट्री और निवास के लिए नई योजना पेश की है। इसके तहत 10 प्रकार के एंट्री वीजा (UAE Entry Visa) जारी किए जाएंगे जो काफी सरल तरीके से उपलब्ध होंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि नए वीजा के लिए किसी भी होस्ट या प्रायोजक की जरूरत नहीं होगी। इसके साथ ही इनके एंट्री पर कोई लिमिट नहीं होगी। विजिटर के तौर पर अब देश में 60 दिन रुका जा सकता है, जो पहले सिर्फ 30 दिन था। नए नियमों के मुताबिक गोल्डन रेजिडेंस धारक अपने पति-पत्नी, बच्चों समेत परिवार के अन्य सदस्यों को स्पॉन्सर कर सकते हैं। इसके साथ ही वह घरेलू कामगारों को भी होस्ट कर सकते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि माता-पिता अपने पुरुष बच्चों को 25 साल की उम्र तक स्पॉन्सर कर सकते हैं, जो पहले 18 साल ही था। बयान में आगे कहा गया कि ये नए नियम दुनिया भर से बेहतरीन टैलेंट को आकर्षित करेंगे। प्रोफेशनल कामगारों के पास वीजा के लिए एक वैध रोज़गार कॉन्ट्रैक्ट होना चाहिए। एजुकेशन कम से कम स्नातक होनी चाहिए और मासिक सैलरी 8,100 डॉलर से कम न हो। संस्कृति, कला, खेल, डिजिटल टेक्नोलॉजी, आविष्कार के क्षेत्रों वाले लोगों को भी आसानी से वीजा मिल सकेगा। इसके लिए नौकरी, सैलरी या क्वालीफिकेशन की जरूरत नहीं होगी। हालांकि आपको सरकारी सिफारिश की आवश्यकता होगी।

काला सागर में जलता दिखा रूस का मोस्कवा युद्धपोत

रूस और यूक्रेन के बीच 50 से अधिक दिनों से जंग जारी है और अब साफ हो गया है कि यह लड़ाई एकतरफा नहीं है। अगर रूस ने यूक्रेन के प्रमुख शहरों में तबाही मचाई है तो यूक्रेन ने भी पुतिन की सेना को करारा जवाब दिया है। हाल ही में रूसी नौसेना का स्लावा क्लास का क्रूजर मोस्कवा काला सागर में डूब गया था। इसके बाद से क्षतिग्रस्त युद्धपोत की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर हो रही हैं। हालांकि इन तस्वीरों की पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन ये जलते हुए रूसी युद्धपोत का दावा करती हैं।

यूक्रेन के अधिकारियों का कहना है कि उनकी सेनाओं ने जहाज पर मिसाइलों से हमला किया था। वहीं रूस ने मोस्कवा पर आग लगने की बात को स्वीकार करते हुए

हमले के दावों को खारिज किया है। अमेरिका और पश्चिमी देशों ने भी आग लगने के स्पष्ट कारणों की पुष्टि नहीं की है। इस युद्धपोत का नाम रूस की राजधानी के नाम पर रखा गया था। 1147 में जब मॉस्को शहर बसा तो इसका असली नाम 'मोस्कवा' था। एक छोटे से वीडियो में एक युद्धपोत जलता हुआ नजर आ रहा है जिसके मोस्कवा होने का दावा किया जा रहा है। मोस्कवा का काला सागर में डूबना इस युद्ध में रूसी सेना के लिए बहुत बड़ा झटका है जो एक नए सिरे से हमले की तैयारी कर रही है। जहाज के डूबने के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लोगों को रूसी हमले के आगे 50 दिनों तक डटे रहने पर गर्व होना चाहिए।

मोस्कवा युद्धपोत 12500 टन वजनी था और 600 फुट लंबा था जिसने शीत युद्ध के दौरान अपनी सेवाएं देना शुरू किया था। रूस ने पहले कहा था कि इस युद्धपोत के अंदर आग लग गई है और उसे तट पर लाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन बाद में उसने पुष्टि की कि मोस्कवा युद्धपोत समुद्र में डूब गया है। बताया जा रहा है कि यह युद्धपोत काला सागर में किसी जगह तैनात था और यूक्रेन के ओडेसा पोर्ट के पास उसके अंदर विस्फोट हो गया।

श्रीलंका ने भारत से आर्थिक मदद की लगाई गुहार

आईएमएफ से फंड हासिल करने के लिए पूरा जोर लगा रहा द्वीपीय राष्ट्र

अभूतपूर्व संकट से गुजर रहे श्रीलंका ने भारत से तत्काल आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। उसने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से फंड मिलने तक भारत से और आर्थिक मदद का आग्रह किया है। आईएमएफ से फंड मिलने में तीन-चार महीने लग सकते हैं। इस बीच, वित्त मंत्री अली साबरी आईएमएफ व विश्व बैंक से बेलआउट पैकेज के लिए बातचीत की शुरुआत करने के उद्देश्य से वाशिंगटन पहुंचे थे।

श्रीलंका की तरफ से यह मांग ऐसे समय में की गई है, जब वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण अपने श्रीलंकाई समकक्ष तथा उच्चायुक्त के साथ कई दौर की वार्ता कर चुकी हैं। सूत्रों ने बताया कि श्रीलंका ने भारत से जापान जैसे उसके मित्र देशों और बहुपक्षीय संगठनों से कर्ज दिलाने में मदद करने की भी अपील की है। मामले के एक जानकार ने बताया कि भारतीय वित्त मंत्री का रुख इस प्रस्ताव के प्रति सकारात्मक है। वह मित्र देशों से श्रीलंका की मदद करने का आग्रह कर सकती हैं।

श्रीलंकाई वित्त मंत्री साबरी वाशिंगटन में श्रीमती सीतारमण से मुलाकात कर सकते हैं। कोलंबो पेज की रिपोर्ट के अनुसार, साबरी सेंट्रल बैंक के गवर्नर डॉ. नंदलाल वीरसिंघे व वित्त मंत्रालय के सचिव महिंदा श्रीवर्धने के साथ अमेरिका रवाना हो चुके हैं। इससे पहले श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल नौ अप्रैल को आईएमएफ के साथ बैठक कर चुका है। उल्लेखनीय है कि भारत ने श्रीलंका को तेल के भुगतान के लिए 50 करोड़ डॉलर की मदद की है और एक अरब

डॉलर का कर्ज देने का ऐलान किया है।

गाले फेस प्रदर्शन को कैथोलिक चर्च का समर्थन

कैथोलिक चर्च ने राष्ट्रपति सचिवालय के बाहर गाले फेस में चल रहे युवाओं के प्रदर्शन के समर्थन का ऐलान किया है। प्रवक्ता रेव जैमिनी फर्नांडो ने कहा कि कैथोलिक चर्च को भी लगता है कि राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को इस्तीफा दे देना चाहिए। बता दें कि करीब एक हफ्ते से भी ज्यादा समय से प्रदर्शन कर रहे युवा सरकार में पदस्थ राजपक्षे परिवार के सदस्यों से इस्तीफे व राजनीतिक संस्कृति में आमूलचूल परिवर्तन की मांग कर रहे हैं।

श्रीलंका को चार अरब डॉलर का पैकेज मिलने की उम्मीद

विदेशी मुद्रा के गंभीर संकट से जूझ रहे श्रीलंका में सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के लिए रवाना हुआ। वह वहां चार अरब डॉलर का राहत पैकेज पाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से बात करेगा।

वित्त मंत्री अली साबरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से वार्ता करेगा। साबरी ने कहा कि श्रीलंका आईएमएफ से चार अरब डॉलर का राहत पैकेज पाना चाहता है। इससे पूर्व वित्त मंत्रालय ने कहा था कि जब तक आईएमएफ के साथ कर्ज पुनर्गठन कार्यक्रम पूरा नहीं हो जाता, वह विदेशी कर्ज के भुगतान को टाल रहा है। श्रीलंका को इस साल सात अरब डॉलर के कर्ज का भुगतान करना है। श्रीलंका प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) ने घोषणा की थी कि श्रीलंका के शेयर बाजार कोलंबो स्टॉक एक्सचेंज में कारोबार एक हफ्ते तक बंद रहेगा।

एसईसी ने कहा कि निवेशकों को बाजार के बारे में अधिक स्पष्टता एवं समझ पैदा करने का मौका देने के इरादे से कोलंबो स्टॉक एक्सचेंज में एक सप्ताह कारोबार बंद ही रहेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : यूगल से साभार)

अब किस बात का इंतजार, टीके से करो कोरोना पर वार।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | मध्यप्रदेश शासन

स्वस्थ मध्यप्रदेश, खुशहाल मध्यप्रदेश

सभी विकासखण्डों में

स्वास्थ्य मेला

18 से 30 अप्रैल, 2022

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार

- स्वस्थ आचरण एवं बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूकता।
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत नि:शुल्क विशिष्ट स्वास्थ्य आईडी एवं समस्त पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाना।
- सभी बीमारियों का चिकित्सा विशेषज्ञों से नि:शुल्क उपचार।



- परिवार नियोजन परामर्श, ओरल कैंसर टी.बी. और कुष्ठ रोग की पहचान एवं रक्तदान की सुविधा उपलब्ध।

"प्रदेश के नागरिकों का स्वस्थ जीवन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में विकासखण्ड स्तर पर आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य मेलों का लाभ उठाकर स्वास्थ्य परीक्षण करायें और स्वस्थ रहें।"

डॉ. प्रभुराम चौधरी
मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें nhmmp.gov.in/healthblockmela.aspx
या +91 8178839624, 9993600839 पर संपर्क करें।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी

D-11020/R-46915/2022

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आषाढ़ संवत् 2022

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-डी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।